CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 93 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 22 अप्रेल, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162

# नितिन नवीन के 27 अप्रैल के जयपुर और टोंक दौरे को लेकर प्रदेश भाजपा की तैयारियां जोरों से, जयपुर और टोंक में लेंगे बड़ी बैठक

## टोंक में 7 जिलों के पार्टी के बूथ सम्मेलन में शामिल होने वाले पार्टी जनों को देंगे आवश्यक दिशा निर्देश और टिप्स, टोंक, दोसा सहित सात जिलों में पार्टी के नए जिला कार्यालय का करेंगे उद्घाटन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद आसीन के बाद नितिन नवीन पहली बार 27 अप्रैल को प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं ।27 अप्रैल को नितिन नवीन जयपुर में जहां पार्टी के संगठन से जुड़े बड़े नेताओं के साथ महत्वपूर्ण मीटिंग लेंगे तो दूसरी तरफ टोंक में 7 जिलों के पार्टी के बूथ सम्मेलन को संबोधित करेंगे और भूत सम्मेलन में 7 जिलों के पार्टी के बूथ सम्मेलन को संबोधित करेंगे और इस सम्मेलन में शामिल होने आए पार्टी जनों को पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश और टिप्स भी देंगे । इसके अलावा इसी कार्यक्रम में नितिन नवीन टोंक, दौसा और पांच अन्य जिलों के भाजपा के नए जिला कार्यालय का उद्घाटन भी करेंगे क्योंकि नितिन नवीन पहली बार ही प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं इसलिए नितिन नवीन के इस दौरे को यादगार और शानदार बनाने के लिए राजस्थान भाजपा के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेता तैयारी में जुटे हुए हैं। कैसे और किस तरह से नितिन नवीन की अगवानी करनी है इसका रूट मैप भी तैयार किया जा रहा है पार्टी के अधिकांश नेताओं का कहना है कि अगर नितिन नवीन को जयपुर से टोंक सड़क मार्गसे लेकर जाने का कार्यक्रम तैयार किया जाए तो यह सबसे अच्छा रहेगा क्योंकि जयपुर से और टोंक के बीच सड़क मार्ग पर भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े सभी छोटे-बड़े नेता पार्टी के विधायक और सांसद नितिन नवीन का स्वागत करने के लिए काफी आतुर दिख रहे हैं इसलिए अगर नितिन नवीन जयपुर से टोंक तक सड़क मार्ग से जाएंगे तो



कार्यकर्ता सीधे तौर पर उनसे मुलाकात भी कर सकेंगे उनकी अगवानी भी कर सकेंगे इसलिए नितिन नवीन का जयपुर से टोंक सड़क मार्ग से लेकर जाने के कार्यक्रम पर ज्यादा विचार किया जा रहा है लेकिन कुछ नेताओं का यह भी कहना है कि जयपुर से टोंक के सड़क मार्ग के दौरान कई जगहों पर नितिन नवीन का स्वागत करने से निर्धारित कार्यक्रम की अवधि डिस्टर्ब भी हो सकती है कार्यक्रम की समय अवधि को भी ध्यान में रखना होगा इन तमाम विषयों पर अभी बातचीत चल रही है लेकिन राजधानी जयपुर को भी बहुत ही शानदार तरीके से सजाने की बात कहीं जा रही है । जानकार लोगों का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी के युवा नेताओं में नितिन नवीन को लेकर कुछ ज्यादा ही जोश और उत्साह दिखाई दे रहा है क्योंकि नितिन नवीन खुद काफी युवा हैं और युवा अवस्था में ही उन्होंने जिस तरह से दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के संगठन की बागडोर अपने हाथ में ली है उसके बाद राजस्थान ही नहीं बल्कि देश भर में भारतीय जनता पार्टी के युवा नेताओं में काफी जोश देखा जा रहा है हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह यह दोनों ही बड़े नेता जब से भाजपा की केंद्रीय राजनीति में सक्रिय हुए हैं वर्ष 2014 के बाद से ही भारतीय जनता पार्टी में युवा नेताओं को आगे लाया जा रहा है और मुख्यमंत्री की कुर्सी पर भी युवा नेताओं को ही बिठाया जा रहा है अभी हाल ही में जिस तरह से बिहार में सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाया गया इससे पहले मध्य प्रदेश ,राजस्थान और महाराष्ट्र तथा हरियाणा में भी युवा नेताओं को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाया गया उससे राजस्थान और देशभर के भारतीय जनता पार्टी से जुड़े युवा नेताओं को यह उम्मीद होने लगी है कि उन्हें पार्टी में अच्छी जगह पर एडजस्ट किया जा सकता है इसलिए भाजपा के युवा नेता ज्यादा उत्साह के साथ पार्टी के संगठन को मजबूती देने में जुटे हुए हैं अब जिस तरह से नितिन नवीन जो खुद का भी युवा हैं उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी के युवा नेताओं में और भी उत्साह का संचार हुआ है इसलिए नितिन नवीन के इस राजस्थान दौरे को लेकर जयपुर और टोंक के भारतीय जनता पार्टी से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं में ही उत्साह नहीं छाया है बल्कि पूरे प्रदेश भर के पार्टी जनों में नितिन नवीन के राजस्थान दौरे को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है इसीलिए राजस्थान भाजपा मुख्यालय में दिनभर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के आने-जाने का सिलसिला शुरू से लेकर देर रात तक बना रहता है क्योंकि प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े तमाम बड़े नेता नितिन नवीन के 27 अप्रैल के दौरे को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारी में जुटे हुए हैं अलग-अलग नेताओं को अलग-अलग तरह की जिम्मेदारी देने की बात भी कहीं जा रही है।

## नितिन नवीन और भजनलाल शर्मा दोनों युवा और दोनों में ही काफी अच्छा समन्वय



राजनीतिक विश्लेषकों का भी कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन दोनों ही काफी हुआ है और दोनों संगठन के मामलों में काफी निपुण है क्योंकि मुख्यमंत्री बनने से पहले भजनलाल शर्मा करीब 20 साल तक लगातार प्रदेश भाजपा के महामंत्री पद पर रहे थे इस दौरान पांच पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बदले लेकिन सभी प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी टीम में भजनलाल शर्मा को उनकी योग्यता को देखते हुए बड़ा स्थान दिया दूसरी तरफ नितिन नवीन भी बिहार बीजेपी में काफी कर्मठ ईंमानदार और समर्पित युवा नेता के रूप में माने जाते थे कई बार के विधायक तो थे ही इसके अलावा नीतीश सरकार में मंत्री भी थे और उनके मंत्री पद का कार्यकाल भी काफी अच्छा था इसलिए नितिन नवीन और भजनलाल शर्मा इन दोनों ही नेताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह काफी प्रभावित हैं पिछले दिनों भजनलाल शर्मा जब दिल्ली गए थे तो नितिन नवीन से भी मुलाकात करके आए थे इसलिए राजस्थान में नितिन नवीन का आना कहीं ना कहीं सत्ता और संगठन दोनों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा और भाजपा के संगठन को और मजबूती मिलेगी ।

# भजनलाल शर्मा आज प्रदेश के 66 लाख किसानों को देंगे फिर बड़ी सौगात, किसान सम्मन निधि की छठी किस्त मिलेगी आज

### जोधपुर जिले के ओसिया में आज आयोजित होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम, बड़ी संख्या में किसान भी रहेंगे मौजूद, सरकार के कई मंत्री और विधायक भी होंगे शामिल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज प्रदेश के करीब 66 लाख किसानों को एक बार फिर से बड़ी सौगात देने जा रहे हैं आज किसानों को बड़ी सौगात देने के लिए जोधपुर जिले के ओसिया में एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है जिसमें मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेश के 66 लाख किसानों के खाते में मुख्यमंत्री किसान सम्मन निधि की छठी किस्त की राशि डीबीटी के माध्यम से स्थानांतरित करने वाले हैं इस समारोह के लिए शानदार तैयारी की गई है कार्यक्रम में आने वाले लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए सभा स्थल पर व्यापक तैयारियां की गई है जिसमें पीने के पानी के लिए जगह-जगह वाटर कूलर लगाए गए हैं तो ठंडी हवा के लिए सभा स्थल पर जगह-जगह अलग-अलग ब्लॉक में कूलर स्थापित किए गए हैं पुलिस और प्रशासन से जुड़े सभी बड़े अधिकारी नियमित रूप से सभा स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा भी ले



रहे हैं तथा भाजपा के संगठन से जुड़े पदाधिकारी भी इस सभा को सफल बनाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रहे हैं । सभा स्थल पर सभा में आने वाले लोगों के लिए सभी तरह की है अस्थाई आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई है तथा वाहनों की पार्किंग के लिए भी अलग से जगह निर्धारित की गई है जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री किसान सम्मन निधि के तहत प्रदेश सरकार की ओर से पिछले सवा दो साल में अब तक प्रदेश के 71 लाख किसानों को 2726 करोड रुपए डीबीटी के माध्यम से स्थानांतरित किए जा चुके हैं इसके अलावा प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के तहत भी प्रदेश के करीब 66 लाख किसानों को 6 किस्तों के रूप में अब तक 9583 करोड रुपए जारी किए जा चुके हैं उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के तहत देश भर के किसानों को हर साल 6000 रुपए विभिन्न किस्तों के रूप में वितरित किए जाते हैं जिसमें राजस्थान के किसान भी शामिल हैं जिसमें प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन होने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मन निधि की राशि में अपने स्तर पर3000 रुपए की बढ़ोतरी मुख्यमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के तहत की है इस तरह से प्रदेश के किसानों को वर्तमान में हर साल 9000 रुपए केंद्र सरकार और भजनलाल सरकार की ओर से विभिन्न किस्तों में मिलते हैं यह राशि डायरेक्ट किसानों के अकाउंट में डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर होती है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के किसानों को अपने स्तर पर किसान सम्मन निधि की राशि को और बढ़ाने का भी आश्वासन दिया है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा है कि उनकी कोशिश है कि किसानों और बढ़ाने का भी आश्वासन दिया है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा है कि उनकी कोशिश है कि प्रदेश के किसानों को किसान सम्मन निधि की राशि के तहत हर साल जल्दी ही 12000 रुपए वितरित किए जाएं यानी मुख्यमंत्री शर्मा जो3000 पहले ही किसान सम्मन निधि की राशि के तौर पर बढ़ा चुके है आने वाले दिनों में इस राशि को और बढ़ाने वाले ।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रिफाइनरी का निरीक्षण किया, प्रशासन, पुलिस और रिफाइनरी प्रबंधन से जुड़े लोगों के साथ की मीटिंग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को पचपदरा स्थित रिफाइनरी का निरीक्षण किया मुख्यमंत्री शर्मा ने रिफाइनरी के उस हिस्से का बारीकी से निरीक्षण किया जहां सोमवार को आगजनी की घटना हुई थी क्योंकि इसी आगजनी की घटना के बाद सोमवार को इस रिफाइनरी का शुभारंभ नहीं हो पाया अन्यथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यहां आने के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सत्ता और संगठन की ओर से शानदार तैयारी की गई थी लेकिन रिफाइनरी की सीडीयू यूनिट में अचानक आग लगने की वजह से सोमवार को इस रिफाइनरी का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों शुभारंभ नहीं हो पाया क्योंकि रिफाइनरी में आगजनी की घटना के बाद केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को स्थगित करने की सिफारिश की थी इसलिए सोमवार को नरेंद्र मोदी यहां नहीं आ पाए हालांकि रिफाइनरी की आगजनी की घटना की जांच विभिन्न जांच एजेंसियों की ओर से की जा रही है एक तरफ एनआईए की ओर से इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है तो दूसरी तरफ राजस्थान सरकार भी इस मामले को लेकर काफी गंभीर है और इस पूरे मामले की जांच करवा रही है इसके अलावा केंद्रीय एवं पेट्रोलियम गैस मंत्रालय और रिफाइनरी प्रबंधन



की ओर से भी अपने स्तर पर इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिर इतनी शानदार तैयारी के बावजूद रिफाइनरी में यह आगजनी की घटना कैसे हुई इस तरह से अलग-अलग एजेंसियों की ओर से रिफाइनरी आगजनी की जांच की जा रही है मंगलवार को दिनभर रिफाइनरी परिसर में केंद्र और राजस्थान सरकार के बड़े-बड़े अधिकारियों के आने जाने का सिलसिला बना रहा प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीनिवास भी मौके पर मौजूद हैं और इस मामले को काफी गंभीरता से देख रहेहैं जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रिफाइनरी की इस आगजनी की घटना को लेकर ज्यादा ही सीरियस और गंभीर नजर आ रहे हैं क्योंकि मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के पहले दिन से ही भजनलाल शर्मा इस रिफाइनरी को जल्दी से जल्दी शुरू करने के प्रयास में लगे हुए थे इसके लिए उन्होंने कई बार दिल्ली के दौरे किए और बराबर केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करके रिफाइनरी के जल्दी से जल्दी शुरू करने के विषय पर गंभीरता से बातचीत की जिसके अच्छे नतीजे भी निकले केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी खुद यहां एक दो बार रिफाइनरी का निरीक्षण करने के लिए मुख्यमंत्री शर्मा के साथ आए इन सब की वजह से रिफाइनरी का कार्य पिछले सवा दो साल में तेजी से आगे बढ़ा और फिर काम कंप्लीट भी हुआ लेकिन सोमवार को अचानक ही रिफाइनरी की आगजनी की घटना ने मुख्यमंत्री शर्मा के प्रयासों को गहरा झटका दे दिया हालांकि कहा जा रहा है कि क्षतिग्रस्त रिफायनरी की मरमत का कार्य जल्दी से जल्दी शुरू करवाने को लेकर मुख्यमंत्री गंभीर हैं इसलिए रिफाइनरी का कार्य पूरा होते ही फिर से इस रिफाइनरी के शुभारंभ की तारीख सरकार की ओर से डिक्लेयर कर दी जाएगी लेकिन फिलहाल इस मामले की जो जांच हो रही है उस जांच पर सबकी निकाह टिकी हुई है हर कोई इस आगजनी की घटना को लेकर आश्चर्य चकित है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के मध्य नजर यहां पर सुरक्षा की व्यवस्था काफी मजबूत कर दी गई थी।




CMYK

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न, स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में आयोजित हुई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं, कार्यक्रमों एवं निर्माणाधीन स्वास्थ्य ढांचे की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्माणाधीन स्वास्थ्य भवनों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक 15 दिन में नियमित निरीक्षण कर कार्यों को समय पर एवं नियमानुसार पूर्ण कराया जाए। इसके अलावा 'लाड़ो योजना' के तहत सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर किश्तों का लाभ दिलाने, 'मां योजना' में बुक क्लेम बढ़ाने, यूडीआईडी कार्ड वितरण तथा आयुष्मान कार्ड वितरण की प्रगति तेज करने के निर्देश दिए गए। टीबी मुक्त ग्राम अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित कर जिले को टीबी मुक्त बनाने पर भी जोर दिया।



जिला कलक्टर ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को आवश्यकता अनुसार सभी जांचें समय पर करवाई जाएं और अस्पतालों में उपलब्ध सरकारी दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएं, ताकि आमजन को बेहतर उपचार मिल सके।

जिला कलेक्टर में हिट एक्शन प्लान के बारे में जानकारी प्राप्त की जिस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए लू-तापघात से बचाव के लिए जिला मुख्यालय एवं सभी खंड मुख्यालयों पर कंट्रोल रूम स्थापित कर दिए गए हैं। जिला स्तर से लेकर सीएचसी एवं पीएचसी तक रैपिड रिस्पॉन्स टीम (ररञ) का गठन किया गया है। जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर लू-तापघात के मरीजों के लिए बेड एवं कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सभी चिकित्सा संस्थानों में ओआरएस, आईवी फ्ल्यूड सहित आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है। साथ ही 108 एम्बुलेंस, बेस एम्बुलेंस, एमएमयू एवं एमएमवी को ऑनरोड रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी अपनी मासिक बैठकों में लू-तापघात को प्रमुख एजेंडा बनाकर इस पर विस्तार से चर्चा करें तथा चिकित्सा अधिकारी, एएनएम, एलएचवी, आशा एवं प्रसाविकाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही दैनिक रिपोर्ट जिला कार्यालय को भेजने के निर्देश भी दिए गए।

परिवार कल्याण एवं ऋष्ट॥ कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं का 12 सप्ताह के भीतर पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा सभी आवश्यक जांचें समयबद्ध रूप से कराई जाएं। साथ ही 'मां वाउचर योजना' के तहत द्वितीय एवं तृतीय तिमाही की सभी गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट सहित बीसीएमओ, पीएमओ, सीएचसी प्रभारी एवं अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन पर सेवा कार्य, मरीजों को बांटे फल



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के अध्यक्ष एम. डी. चोपदार के जन्मदिन के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर (अल्पसंख्यक विभाग) द्वारा सेवा कार्य कर जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। जिलाध्यक्ष (अल्पसंख्यक विभाग) एम. डी. शाहून के निर्देशानुसार कांग्रेस पदाधिकारियों ने राजीव गांधी हॉस्पिटल, अलवर में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस सद्दाम हुसैन मेव, जिला सचिव सलीम खान, वसीम अकरम, सलमान सिरमोली, सद्दाम रसगन, राहुल पीपरोली, साहिल एडवोकेट एवं जुबेर इकबाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने एम. डी. चोपदार के स्वस्थ, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं एवं दुआएं प्रेषित कीं।

## रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मिली मान्यता

### मत्स्य यूनिवर्सिटी अलवर और आरकेसीएल के बीच एमओयू



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मत्स्य यूनिवर्सिटी, अलवर ने अपने स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों की इंटर्नशिप के लिए राजस्थान नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड (आरकेसीएल) के 4 क्रेडिट/120 घंटे के 11 रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मान्यता प्रदान की है। मत्स्य यूनिवर्सिटी एवं आरकेसीएल के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर के दौरान कुलसचिव गोपाल कालरा, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशुतोष, सहायक कुलसचिव लखन सिंह यादव एवं आरकेसीएल के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मंजीत सिंह, विवेक शर्मा व दीप ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के प्रोजेक्ट्स हेड महेंद्र यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। आरकेसीएल के इन सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को ऑडियो विजुअल कंटेंट्स, हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग एवं प्रोजेक्ट्स की सुविधा प्रदान की जाएगी। इससे विद्यार्थी ऑनलाइन और क्लासरूम लर्निंग दोनों माध्यमों से अपने ही क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। ऐसे में आरकेसीएल के इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, फाइनेंसियल एकाउंटिंग, एडवांस्ड एक्सेल, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, डिजिटल मार्केटिंग, ग्राफ़िक्स डिजाइनिंग, डीटीपी, वेब डेवलपमेंट, वेब डिजाइनिंग, पाइथन प्रोग्रामिंग और एआई एवं प्रोम्प्ट इंजीनियरिंग समेत कई आधुनिक और रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों को यूनिवर्सिटी की और से मान्यता प्रदान की गई।

## एलन अलवर की खनिका सैनी बनी सिटी टॉपर, जेईई-मेन 2026 में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

### अनुष्का अग्रवाल ने फिजिक्स में 100 परसेंटाइल के साथ बनाई पहचान, कई छात्रों ने 99+ परसेंटाइल हासिल किए




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई-मेन 2026 (अप्रैल सत्र) के परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट, अलवर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम रोशन किया है। एलन अलवर के सेंटर हेड सौरभ कटारिया ने बताया कि क्लासरूम स्टूडेंट खनिका सैनी ने 99.89 परसेंटाइल प्राप्त कर सिटी टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वहीं अनुष्का अग्रवाल ने 99.85 परसेंटाइल के साथ शहर में तीसरा स्थान प्राप्त किया और फिजिक्स विषय में 100 परसेंटाइल स्कोर कर विशेष उपलब्धि हासिल की। इसी क्रम में दिव्या गुप्ता ने 99.84 परसेंटाइल, नकुल सोनी ने 99.74 परसेंटाइल (सातवां स्थान) तथा प्रिंस सतीजा ने 99.61 परसेंटाइल (आठवां स्थान) प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त नितिश खंडेलवाल (99.19), आरव गुप्ता (99.00) और भास्कर सिंह (99.01) ने भी उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। संस्थान के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एलन के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। एलन क्लासरूम स्टूडेंट कबीर छिल्लर ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की, जबकि टॉप-10 में 4 स्थान एलन के छात्रों ने प्राप्त किए। इनमें अर्णव गौतम (रैंक-5), शुभम कुमार (रैंक-6) और ऋषि प्रेमनाथ (रैंक-8) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि टॉप-20 में 9 तथा टॉप-100 में 41 विद्यार्थी एलन क्लासरूम से शामिल रहे। परिणामों की पारदर्शिता बनाए रखने हेतु संस्थान ने अपने रिजल्ट्स का सत्यापन ई-वाई इंडिया से कराया है। इस उपलब्धि से एक बार फिर यह साबित हुआ है कि समर्पण, सही मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत के बल पर विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

## डीएलएसए सचिव ने जिला कारागार अलवर का किया औचक निरीक्षण

### खामियां मिलने पर न्यायाधीश ने मौके पर ही दिए व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अनंत भंडारी के निर्देश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहन लाल सोनी ने चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल एडवोकेट महेश गोठवाल, असिस्टेंट लीगल डिफेंस काउंसिल एडवोकेट मुकेश कुमार शर्मा पीएलवी मुस्तफा खान एवं जेल अधिकारियों के साथ मंगलवार को केंद्रीय कारागृह अलवर का औचक निरीक्षण किया। जिसमें वार्ड 5 और वार्ड 6 का एडवोकेट महेश गोठवाल एवं पीएलवी मुस्तफा खान एवं वार्ड 7 से 9 तक का एडवोकेट मुकेश कुमार शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान वार्ड 6 (1)में 144 एवं वार्ड 6(2) में 128 बंदी निरुद्ध पाए गए। इस वार्ड में क्षमता से अधिक बंदी निरुद्ध पाए गए। इस वार्ड की बैरक 1 एवं 2 में बंदियों को पानी पीने के लिए मात्र 4 मटके पाए गए। इसके अतिरिक्त निरीक्षण में कारागृह की आंतरिक व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बंदियों के लिए निर्मित भोजन की गुणवत्ता,पाक शाला की स्वछता, पेयजल की उपलब्धता, चिकित्सालय में प्रदत्त स्वास्थ्य सेवाओं एवं दवाइयों के स्टॉक का जायज़ा लिया गया निरीक्षण के एक महत्वपूर्ण भाग 'प्रीजन लीगल एड क्लिनिक; की गतिविधियों एवं वहां संधारित विधिक सहायता रजिस्टरों की गहन समीक्षा की गई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई पात्र बंदी विधिक सहायता से वंचित नहीं रहे।

न्यायाधीश द्वारा वार्ड 1 से लेकर 4 तक प्रत्येक बैरक का व्यक्तित रूप से भ्रमण कर निरुद्ध बंदियों से प्रत्यक्ष संवाद किया गया और उनकी जेल संबंधी व न्यायिक समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना और मौके पर ही जेल प्रशासन को बंदियों के मानवाधिकारों संरक्षण,समयबद्ध चिकित्सा जांच व उपचार और लंबित मामलों में त्वरित विधिक पैरवी सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक वैधानिक दिशा निर्देश दिए गए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहन लाल सोनी द्वारा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के सुचारू प्रबंधन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एड ,जेल अधीक्षक शिवेन्द्र शर्मा, जेलर ओम प्रकाश शर्मा, एवं जेल पुलिस, डॉक्टर जेल हॉस्पिटल सहित कारागृह अधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्टॉफ उपस्थित रहे।

## विधिक जागरूकता शिविर: विद्यार्थियों को किया जागरूक दी नालसा योजनाओं की जानकारी



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर के तत्वावधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, तुलेडा में नालसा (बाल हितैषी विधिक सेवाएं) योजना (ह्1), 2024 के अंतर्गत एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अध्यक्ष अनंत भंडारी के मार्गदर्शन एवं सचिव मोहनलाल सोनी के निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसमें पी एल वी रेखा महलावत द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह उन्मूलन विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत लड़कियों की न्यूनतम विवाह आयु 18 वर्ष एवं लड़कों की 21 वर्ष निर्धारित है तथा इससे कम आयु में विवाह करना दंडनीय अपराध है। बाल विवाह कराने, करवाने अथवा इसमें सहयोग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त दहेज प्रथा को भी अपराध बताते हुए विद्यार्थियों को इससे दूर रहने एवं समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया गया तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। साथ ही साइबर अपराधों के प्रति सचेत करते हुए हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में नालसा, सालसा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि ये संस्थाएं समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराती हैं।

अंत में प्रतिभागियों को अवगत कराया गया कि बाल विवाह से संबंधित किसी भी सूचना या सहायता हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस 100/112 अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर से संपर्क किया जा सकता है। साथ ही नालसा के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी भी साझा की गई।

इस कार्यक्रम में कुल 98 विद्यार्थी एवं 7 शिक्षक उपस्थित रहे।

## जनगणना 2027 को लेकर बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** नगर परिषद सभागार खैरथल में मंगलवार को जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में जनगणना 2027 के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण उपखण्ड अधिकारियों एवं चार्ज जनगणना अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने जनगणना को अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य बताते हुए सभी अधिकारियों की भूमिका को अहम बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी और सक्रिय भागीदारी आवश्यक है, ताकि एकत्रित आंकड़ों की शुद्धता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी 1 मई से प्रारंभ होने वाली स्व-जनगणना प्रक्रिया के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सभी सरकारी कार्यालयों के बाहर जागरूकता पोस्टर लगाए जाएं तथा आमजन को अभियान के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्यवेक्षक एवं सुपरवाइजर के प्रशिक्षण के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें, जिससे जनगणना कार्य सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संचालित हो सके। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, सभी उपखण्ड अधिकारी, चार्ज जनगणना अधिकारी एवं उप जिला जनगणना अधिकारी उपस्थित रहे।

## एलपीजी के अवैध संग्रहण पर 7 गैस सिलेंडर जब्त

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन प्रवर्तन जांच दल द्वारा एलपीजी गैस के अवैध संग्रहण, परिवहन एवं व्यापार को रोकने के उद्देश्य से अलवर शहर के जसवंत नगर में कार्रवाई कर 7 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि जांच दल द्वारा शहर के जसवंत नगर में दामोदर पुत्र प्रभाती राम की मौजूदगी में बाडे की जांच की गई, जिसमें 19 किग्रा क्षमता के 6 गैस सिलेंडर एवं 5 किग्रा क्षमता का 1 सिलेंडर भण्डारित पाया गया। जो घरेलू गैस के अवैध व्यापार किए का स्पष्ट प्रमाण होने पर गैस सिलेंडरों को जब्त कर सुरक्षार्थ मैसर्स अलवर इंडेन गैस एजेन्सी को सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि गैस के अवैध उपयोग को रोकने हेतु आगामी दिवसों में भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गैस सिलेंडर्स की पर्याप्त उपलब्धता है। अतः आमजन से अनुरोध है कि बिना आवश्यकता के सिलेंडर की बुकिंग नहीं कराए, ताकि सभी को यथासमय गैस उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में शहरी क्षेत्र में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन में बुकिंग हो रही है। घरेलू गैस सिलेंडर्स उनके वास्तविक उपभोक्ताओं तक पहुंच सके इस हेतु सिलेंडर्स की डिलीवरी शत-प्रतिशत ओटीपी द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर द्वारा जिला नोडल अधिकारी को आदेश की पालना सुनिश्चित करने हेतु समस्त गैस एजेंसियों को निर्देशित कर दिया गया है। इस दौरान प्रवर्तन अधिकारी बनवारी लाल एवं गुलाब सिंह मौजूद रहे।

# चारधाम यात्रा के लिए यात्रियों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं सुरक्षित यात्रा हेतु हेल्थ एडवायजरी जारी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चारधाम यात्रा-2026 के लिए यात्रियों के स्वास्थ्य संरक्षण, सुगम एवं सुरक्षित यात्रा हेतु हेल्थ एडवायजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि चारधाम यात्रा में समस्त तीर्थस्थल उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित है, जिनकी ऊंचाई समुद्र तल से 2700 मीटर से भी अधिक है। इन स्थानों में यात्रीगण अत्यधिक ठण्ड, कम आर्द्रता, अत्यधिक अल्ट्रा वाइलेट रेडिएशन, कम हवा का दबाव और कम ऑक्सीजन की मात्रा से प्रभावित होने की संभावना बनी रहती है। अतः सभी तीर्थ यात्री सुगम एवं सुरक्षित यात्रा हेतु निम्न दिशा-निर्देशों की पालना करें।

**यात्रा से पूर्व तीर्थ यात्री क्या करें**

योजना बनाना, तैयारी करना व पैकिंग करना - तीर्थी यात्री यात्रा से पहले चिकित्सा और टेुक्र की तैयारी सुनिश्चित करें। उच्च ऊंचाई बीमारी का कारण बन सकती है, इसके लिए योजना बनाना, तैयारी करना और पैक करना महत्वपूर्ण है। अपनी यात्रा की योजना कम से कम 7 दिनों के लिए बनाएं, वातावरण के अनुरूप अनुकूलन के लिए समय दें, अनेक ब्रेक की योजना बनाएं, ट्रेक के हर एक घंटे बाद या ऑटोमोबाइल चढाई के हर 2 घंटे बाद 5-10 मिनट का ब्रेक लेवे।

तैयारी करना - यात्री रोजाना 5-10 के लिए श्वास व्यायाम का अभ्यास करें, रोजाना 20-30 मिनट टहले, यदि यात्राी की आयु 55 वर्ष है या वह हृदय रोग, अस्थमा, उच्च रक्तचाप या मधुमेह से ग्रस्त है तो यात्रा के लिए फिटनेस सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य जांच करवाएं।

पैकिंग करना - गर्म कपडे जैसे ऊनी स्वेटर, थर्मल, बफर जैकेट, दस्ताने, मोजे आदि रख लेवे, बारिश से बचाव के लिए रेनकोट व छाता तथा स्वास्थ्य जांच उपकरण जैसे पल्स ऑक्सीमीटर व थर्मामीटर रख लेवे। पहले से मौजूद स्थितियों (हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, अस्थमा, मधुमेह) वाले यात्रियों के लिए सभी जरूरी दवा, परीक्षण उपकरणों और अपने घर के चिकित्सक का संपर्क नंबर ले जाएं। अपनी यात्रा से पहले मौसम रिपोर्ट की जांच करें और सुनिश्चित करें कि आपके पास ठंडे तापमान में प्रबंधन करने के लिए पर्याप्त गर्म कपडे हैं। अगर डॉक्टर यात्रा न करने की सलाह देते हैं तो यात्रा न करें।

**यात्रा के दौरान तीर्थ यात्री इन उपायों को अपनाएं**

स्वस्थ, सर्तक, सफल यात्रा के लिए तीर्थ यात्री अपनी सुविधा के लिए यात्रा मार्ग के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा रखे गए संचार को देखे और सभी दिशा-निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करें। यात्रियों की सेवा के लिए नियोजित निकटतम चिकित्सा इकाई के मानचित्र व चिकित्सा राहत केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व जिला अस्पताल का संदर्भ लेवे। उत्तराखंड चिकित्सा इकाई की पहचान करने के लिए इमारतों पर स्पष्ट नाम बोर्ड देखे। यदि यात्री को सीने में दर्द, सांस की तकलीफ (बात करने में कठिनाई), लगातार खांसी, चक्कर आना/भटकाव (चलने में कठिनाई), उल्टी, बर्फीली/ठंडी त्वचा एवं शरीर के एक तरफ कमजोर/सुन्नता के लक्षयों में से काई भी महसूस हो रहा है तो तुरन्त निकटतम चिकित्सा इकाई पर पहुंचे। उच्च ऊंचाई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। एक मिनट की सावधानी आपका जीवन बचा सकती है, इसलिए 55 वर्ष की आयु वाले यात्री, गर्भवती महिलाएं, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, अस्थमा, मधुमेह की हिस्ट्री वाले यात्रियों का विशेष ध्यान रखे। इसके अतिरिक्त कोई भी स्वास्थ्य संबंधित आपातकालीन घटना होने पर हेल्पलाइन नंबर 104, स्वास्थ्य स्क्रीनिंग केंद्रों अथवा चिकित्सा इकाइयों पर सम्पर्क करें। यात्रा के दौरान शराब, कैफीनयुक्त ड्रिंक्स, नींद की गोलियां और मजबूत शक्तिशाली दर्द निवारक दवाओं का सेवन न करें व धूम्रपान से बचे तथा यात्रा के दौरान कम से कम 2 लीटर तरल पदार्थ पीएं और भरपूर पौष्टिक आहार लेवे।

## अजमेर-किशनगंज गरीब नवाज एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक रेलसेवा का किशनगंज स्टेशन पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलसेव द्वारा अजमेर-किशनगंज गरीब नवाज एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक रेलसेवा का किशनगंज स्टेशन पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 15716, अजमेर-किशनगंज गरीब नवाज एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक रेलसेवा दिनांक 27.4.26 से किशनगंज पर 3.00 बजे के स्थान पर 3.15 बजे आगमन करेगी।

## प्रयागराज स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रयागराज स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के लिए नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के लिए रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 14118, भिवानी-प्रयागराज रेलसेवा जो दिनांक 29.4.26 को तक भिवानी से प्रस्थान करेगी वह सुबेदारगंज (आगमन 12.40 बजे) तक ही संचालित होगी। अर्थात् यह रेलसेवा सुबेदारगंज -प्रयागराज के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार गाडी संख्या 12307, हावडा-जोधपुर रेलसेवा जो दिनांक 29.4.26 को हावडा से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग पं. दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर-वीजीएल झांसी-आगराकैंट होकर संचालित होगी। इसी तरह गाडी संख्या 22308, बीकानेर-हावडा रेलसेवा जो दिनांक 29.4.26 को बीकानेर से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग आगराकैंट-वीजीएल झांसी-मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-पं. दीनदयाल उपाध्याय संचालित होगी। रेल प्रशासन के अनुसार गाडी संख्या 12987, सियालदाह-अजमेर रेलसेवा जो दिनांक 29.4.26 को सियालदाह से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग पं. दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज छिवकी- मानिकपुर-वीजीएल झांसी-आगराकैंट होकर संचालित होगी। गाडी संख्या 12324, बाडमेर-हावडा रेलसेवा दिनांक 29.4.26 को बाडमेर से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्गगाजि याबाद-मुरादाबाद-लखनऊ-वाराणसी-पं. दीनदयाल उपा ध्याय होकर संचालित होगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार गाडी संख्या 14117, प्रयागराज-बीकानेर रेलसेवा जो दिनांक 22.4.26 से 29.4.26 तक प्रयागराज से अपने निर्धारित समय से 30 मिनट एवं दिनांक 30.4.26 को प्रयागराज से निर्धारित समय से 2 घंटे 30 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी।

## ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा हेतु साबरमती-दुर्गापुर- साबरमती स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु साबरमती-दुर्गापुर- साबरमती स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09413, साबरमती-दुर्गापुर स्पेशल रेलसेवा दिनांक 24.4.26 को (1 ट्रिप) साबरमती से 18.25 बजे रवाना होकर दूसरे दिन जयपुर स्टेशन पर 4.40 बजे आगमन व 4.50 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 9.15 बजे दुर्गापुर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09414, दुर्गापुर-साबरमती स्पेशल रेलसेवा दिनांक 26.4.26 को (1 ट्रिप) दुर्गापुर से 12.15 बजे रवाना होकर दूसरे दिन जयपुर स्टेशन पर 14.50 बजे आगमन व 15.00 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 3.00 बजे साबरमती पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, अजमेर, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, ईदगाह, टूण्डला, गोविन्दपुरी, सुबेदारगंज, पं. दीनदयाल उपाध्याय, सासाराम, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल व अण्डाल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 12 थर्ड एसी, 8 शयनयान, 1 पॉवरकार व 1 गार्ड डिब्बा सहित 22 डिब्बे होगे।

## ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा हेतु 3 जोडी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु 3 जोडी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 04725/ 04726, हिसार- खडकी-हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में हिसार से दिनांक 3.5.26 से 31.5.26 तक (5 ट्रिप) एवं खडकी से दिनांक 4.5.26 से 1.6.26 तक (8 ट्रिप) तक विस्तार किया जा रहा है। गाडी संख्या 09621/09622, अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस- अजमेर स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में अजमेर से दिनांक 3.5.26 से 31.5.26 तक (5 ट्रिप) एवं बान्द्रा टर्मिनस से दिनांक 4.5.26 से 1.6.26 तक (5 ट्रिप) तक विस्तार किया जा रहा है। गाडी संख्या 09625/09626, अजमेर-दौंड- अजमेर स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में अजमेर से दिनांक 30.4.26 से 28.5.26 तक (5 ट्रिप) एवं दौंड से दिनांक 1.5.26 से 29.5.26 तक (5 ट्रिप) तक विस्तार किया जा रहा है।

## कनकपुरा स्टेशन यार्ड में तकनीकी कार्य से हरिद्वार-साबरमती स्पेशल रेलसेवा भी मार्ग परिवर्तित रहेगी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा जयपुर मण्डल के कनकपुरा स्टेशन यार्ड में तकनीकी कार्य हेतु नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण हरिद्वार-साबरमती स्पेशल रेलसेवा भी मार्ग परिवर्तित रहेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित गाडी संख्या 09426, हरिद्वार-साबरमती स्पेशल रेलसेवा जो दिनांक 5.5.26 को हरिद्वार से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रेवाडी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीम का थाना व रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाडी संख्या 09721, जयपुर-उदयपुर सिटी स्पेशल रेलसेवा के स्थान पर गाडी संख्या 20993 जयपुर-उदयपुर सिटी सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा दिनांक 12.5.26 को कनकपुरा स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी।

# इंडिया गठबंधन 'गठबंधन' नहीं यह 'ठगबंधन' है, गठबंधन होता तो साथ चुनाव लड़ते : राधा मोहन अग्रवाल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान भाजपा के प्रभारी डॉक्टर राधा मोहन अग्रवाल ने मंगलवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को ऐसा लग रहा था कि महिला आरक्षण बिल लागू होने से चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जबर्दस्त फायदा मिलेगा इसलिए कांग्रेस और सहयोगी दल सभी सामूहिक रूप से एक साथ महिलाओं की भलाई के लिए ले जा रहे इस बिल के खिलाफ खड़े हो गए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में कांग्रेस और सहयोगी दलों को यह लग रहा था कि चुनाव नजदीक है इसलिए महिला आरक्षण बिल लागू नहीं होगा इसी सोच के आधार पर उन्होंने उस समय मजबूरी में बिल का समर्थन कर दिया लेकिन अंदरुनी रूप से कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दल आरक्षण देना नहीं चाहते थे । उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दल अंदर से क्या है और बाहर से क्या है इसको 17 अप्रैल को पूरे देश ने और देश की महिलाओं ने देख लिया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार यह सोचकर यह बिल लेकर नहीं आई थी कि इस बिल से हमें



चुनाव में फायदा होगा या नुकसान हमारी सरकार सिर्फ महिलाओं को उनका अधिकार देने के लिए यह बिल लेकर आई थी लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को ऐसा लगा कि अगर यह बिल लागू हो गया तो फिर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को शानदार सफलता मिलेगी इसलिए कांग्रेस और उसके सहयोगी दल बिल के खिलाफ हो गए। पत्रकारों के सवाल के जवाब में राधा मोहन अग्रवाल ने कहा कि इंडिया गठबंधन गठबंधन है ही नहीं यह तो ठगबंधन है अगर गठबंधन होता तो केरल पश्चिम बंगाल पांडिचेरी और अन्य सभी जगह पर सामूहिक रूप से चुनाव लड़ते लेकिन कहीं भी किसी भी स्टेट में इन्होंने सामूहिक रूप से चुनाव नहीं लड़ा फिर यह कहां का गठबंधन है। यह तो एक तरीके से ठगबंधन है जो मौका देखकर और अपना ही देखकर निर्णय लेते हैं, एक अन्य सवाल के जवाब में राधा मोहन अग्रवाल ने कहा कि हम केरल में चुनाव जीत रहे हैं असम में चुनाव जीत रहे हैं पांडिचेरी में चुनाव जीत रहे हैं पश्चिम बंगाल के प्रथम चरण में चुनाव जीत गए और दूसरे चरण के चुनाव में भी जीतेंगे। तमिलनाडु में हम 50-50 हैं अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए कई बड़े कार्य किए हैं कई बड़ी योजनाएं शुरू की है और महिलाओं का सम्मान और उनका आदर करना हमारी संस्कृति में है हमारे विचार में है लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दल सिर्फ महिलाओं को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करते रहे हैं लेकिन 17 अप्रैल के बाद देश की महिलाओं ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का असली चेहरा भी देख लिया है और अपने अपमान का बदला महिलाएं हर कीमत पर चुनाव मिलेगी एक अन्य सवाल के जवाब में अग्रवाल ने कहा कि पचपदरा की रिफाइनरी की आगजनी की जांच की जा रही है आग कैसे लगी इसका पता लगाया जा रहा है कई स्तर पर जांच चल रही है जांच कंप्लीट होने पर और जांच में जो चीज सामने निकल कर आएगी उसके बाद आगे निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा रिफाइनरी में जो नुकसान हुआ है रिफाइनरी के पुनर्निर्माण फिर से शुरू किया जाएगा इसलिए नई तारीख रिफाइनरी के शुभारंभ होने की समय पर डिक्लेअर की जाएगी एक अन्य सवाल के जवाब में अग्रवाल ने कहा कि पचपदरा की रिफाइनरी की आगजनी की जांच की जा रही है आग कैसे लगी इसका पता लगाया जा रहा है कई स्तर पर जांच चल रही है जांच कंप्लीट होने पर और जांच में जो चीज सामने निकल कर आएगी उसके बाद आगे निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा रिफाइनरी में जो नुकसान हुआ है रिफाइनरी के पुनर्निर्माण फिर से शुरू किया जाएगा इसलिए नई तारीख रिफाइनरी के शुभारंभ होने की समय पर डिक्लेअर की जाएगी । अग्रवाल ने कहा कि वसुंधरा राजे महिला सशक्तिकरण का हमारी पार्टी की ओर से साफ उदाहरण है उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने हमेशा महिलाओं को बड़ा पद दिया है चाहे दिल्ली में वर्तमान में महिला मुख्यमंत्री हो या फिर बहन मायावती को हमारी पार्टी ने तीन बार समर्थन देकर उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री बनाया और अब भी राजस्थान में उपमुख्यमंत्री पद पर दिया कुमारी जैसी महिला नेता को बिठाया है। ऐसे अनेक उदाहरण है जिनके आधार पर समझा जा सकता है कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को हमेशा आगे बढ़ाने में विश्वास रखती है उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों की ओर से महिला आरक्षण बिल को गिरा देने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मविश्वास में बिल्कुल भी कमी नहीं आई है और ना ही वे हताश हुए हैं बल्कि महिला आरक्षण भारतीय जनता पार्टी के लिए एक सैद्धांतिक विचार है और महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की लड़ाई हमेशा जारी रहेगी उन्होंने कहा कि कांग्रेस समाजवादी पार्टी डीएमके यह जितनी भी इंडिया गठबंधन से जुड़ी राजनीतिक पार्टियों हैं इन सब में परिवारवाद जबरदस्त तरीके से हावी है इसी वजह से यह पार्टियों महिला आरक्षण बिल का समर्थन नहीं करती क्योंकि इन्हें पता है कि अगर यह बिल मंजूर हो गया तो फिर उनके परिवार के सदस्यों का विधायक सांसद चुना जाना मुश्किल हो जाएगा ।

## ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा हेतु स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश हेतु अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियो की सुविधा हेतु भावनगर टर्मिनस-हावडा-भावनगर टर्मिनस साबरमती-दुर्गापुर-साबरमती स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09531, भावनगर टर्मिनस-हावडा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 20.4.26 व 27.4.26 को (2 ट्रिप) भावनगर टर्मिनस से 17.45 बजे रवाना होकर दूसरे दिन जयपुर स्टेशन पर 7.50 बजे आगमन व 8.00 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 21.40 बजे हावडा पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09532, हावडा-भावनगर टर्मिनस स्पेशल रेलसेवा दिनांक 23.4.26 व 30.4.26 को (2 ट्रिप)हावडा से 10.50 बजे रवाना होकर दूसरे दिन जयपुर स्टेशन पर 15.10 बजे आगमन व 15.25 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 6.30 बजे भावनगर टर्मिनस पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग मे सोनगढ, धोला, बोटाड, सुरेन्द्रनगर गेट, विरमगाम, महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, अजमेर, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, अछनेरा, ईदगाह, टूण्डला, गोविन्दपुरी, प्रयागराज, पं. दीनदयाल उपाध्याय, सासाराम, गया, कोडरमा, धनबाद आसनसोल, दुर्गापुर, वर्द्धमान व बैण्डेल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 4 द्वितीय शयनयान, 10 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित 16 डिब्बे होगे इसी तरह गाडी संख्या 09421, साबरमती-दुर्गापुर स्पेशल रेलसेवा दिनांक 21.04.26 व 26.4.26 को (2 ट्रिप) साबरमती से 10.35 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 20.35 बजे आगमन व 20.45 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 1.00 बजे हावडा पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09422, दुर्गापुर-साबरमती स्पेशल रेलसेवा दिनांक 23.4.26 व 28.4.26 को (2 ट्रिप) दुर्गापुर से 4.00 बजे रवाना होकर दूसरे दिन जयपुर स्टेशन पर 08.30 बजे आगमन व 8.40 बजे प्रस्थान कर 19.30 बजे साबरमती पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, अजमेर, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, ईदगाह, टूण्डला, गोविन्दपुरी, सुबेदारगंज, पं. दीनदयाल उपाध्याय, सासाराम, गया, कोडरमा, धनबाद आसनसोल व अण्डाल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 13 थर्ड एसी, 7 थर्ड एसी इकोनोमी, 2 पॉवरकार सहित 22 डिब्बे होगे।पनाने और हरी खाद के उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई, जिससे मिटटी की गुणवत्ता बनी रहे। कार्यक्रम में जिले के प्रगतिशील युवा किसानों ने भाग लिया।

## रिफाइनरी में आग लगना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल, सरकार तय करे एकाउंटेबिलिटी : टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पचपदरा स्थित रिफाइनरी में भीषण आग लगने पर गहरी चिंता और दुःख जताया है और कहा है कि यह देवताओं और संतों की भूमि का का पुण्य प्रताप है कि कोई जनहानि नहीं हुई। जूली ने कहा कि पचपदरा स्थित यह रिफाइनरी पूरे प्रदेश का मान-सम्मान और गर्व है तथा सभी इस बात से प्रसन्न थे कि इतने लंबे इन्तजार के बाद आखिरकार इसका लोकार्पण होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इससे पहले कि मंगलवार को पीएम मोदी इसका लोकार्पण करते सोमवार को यहाँ आग लग गई इस घटना से पूरा राजस्थान बेहद दुखी है। जूली ने कहा कि पिछले कई हादसों और घटनाओं से सरकार ने कोई सबक नहीं लिया है और किसी की भी ऐसे मामलों के एकाउंटेबिलिटी तय नहीं की जाती है। उन्होंने कहा कि इस बार इतना बड़ी घटना हो गई है तो सरकार को अब तो कम से कम अक्कोउटाबिलिटी तय करके इस घटना के जिम्मेदारों के खिलाफ कार्यवाई करनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पचपदरा रिफाइनरी का लोकार्पण पूरे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण था जिसके लिए स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाले थे। ऐसे अति-महत्वपूर्ण और हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम से ठीक एक दिन पहले इतने बड़े पैमाने पर आग लगना कई सवालों को जन्म देता है, जूली ने हैरानी जताते हुए कहा कि देश के इतिहास में शायद ही ऐसा कोई वाकया हुआ हो जब किसी प्रधानमंत्री द्वारा किसी प्रोजेक्ट के उद्घाटन से ठीक एक दिन पहले वहां इतना बड़ा अग्निकांड हो जाए। प्रधानमंत्री की सुरक्षा और प्रोटोकॉल सर्वोपरि होता है, जिससे किसी भी सूरत में समझौता करना अक्षम्य है। इवेंट मैनेजमेंट में व्यस्त मुख्यमंत्री, सुरक्षा को किया नजरअंदाजराज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष करते हुए जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री जी और उनका पूरा अमला पचपदरा में केवल इवेंट मैनेजमेंट और चमक-धमक की तैयारियों में व्यस्त रहा उन्होंने सवाल खड़ा किया कि यदि यह भीषण हादसा एक दिन पहले न होकर ठीक लोकार्पण वाले दिन हो जाता, तो स्थिति कितनी भयावह और आत्मघाती हो सकती थी? क्या मुख्यमंत्री के पास इसका कोई जवाब है? जूली ने कहा कि उनकी जानकारी में आया है कि जयपुर में हुई आज किसी रैली में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने काला पृष्ठ और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने चुल्लू भर पानी में डूब जाने जैसी बातें बोली हैं इस पर उन्होंने कहा मैं तो ऐसी शब्दावली काम में नहीं लेता लेकिन किसे चुल्लू भर पानी में डूबना चाहिए, रिफाइनरी हादसे के बाद अब जनता तय करेगी मामले की गंभीरता को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। जूली ने मुख्यमंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि अब उन्हें आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है। सरकार को सत्ता में आए काफी समय हो चुका है अब उन्हें केवल विज्ञापन और प्रचार के मोह से बाहर निकलकर गवर्नेंस की बुनियादी जिम्मेदारियों के प्रति गंभीर होना चाहिए। जनता की सुरक्षा और प्रदेश के विकास के प्रति इस तरह की लापरवाही राजस्थान कतई बर्दाश्त नहीं करेगा।

## लोकसभा सत्र के खत्म होते ही ओम बिरला अपने निर्वाचन क्षेत्र में सड़कों पर उतरे, 80 करोड रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण शिलान्यास

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने निर्वाचन क्षेत्र की भलाई और कल्याण के लिए शुरू से ही काफी सजक और गंभीर रहे हैं और लगातार अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करके लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए दिख रहे हैं और बिरला सिर्फ दिल्ली में संसद की कार्रवाई संपादित रहने के दौरान ही रहते हैं क्योंकि उनका रहना जरूरी भी है वह स्पीकर पद पर नियुक्त हैं अन्यथा जैसे ही लोकसभा का सत्र खत्म होता है वह एक दिन के लिए भी दिल्ली में नहीं ठहरते और तुरंत अपने निर्वाचन क्षेत्र कोटा पहुंच जाते हैं और लोगों मुलाकात करके लोगों की व्यक्तिगत समस्याओं का भी समाधान करते हैं और क्षेत्र के विकास कार्यों को भी तेजी से आगे बढ़ते रहते हैं तथा जिन जगहों पर विकास कार्य जारी रहते हैं वहां मौके पर जाकर उन विकास कार्यों का बाकायदा निरीक्षण भी करते हैं मंगलवार को ओम बिरला ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के लाडपुरा विधानसभा क्षेत्र में 80 करोड रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया यह विकास कार्य पुलिया, सड़क इत्यादि क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं इसलिए इन विकास कार्यों से लाडपुरा विधानसभा क्षेत्र का विकास तेजी से गति पकड़ेगा गौरतलब है कि ओम



बिरला तीसरी बार कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र से लगातार सांसद चुने गए और वर्तमान में ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष पद पर नियुक्त हुए प्रदेश में वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है इसलिए पिछले सवा दो साल में कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र में कई बड़े विकास कार्य संपादित हुए हैं कई बड़े विकास कार्यों की घोषणा भी हुई है जिसमें नए एयरपोर्ट का भी निर्माण किया जाना शामिल है इसके अलावा पानी बिजली सड़क शिक्षा चिकित्सा इत्यादि सभी क्षेत्रों में ओम बिरला ने केंद्र सरकार से भी कोटा बूंदी को विकास कार्य की सौगात दिलाने में कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी तो प्रदेश की भजनलाल सरकार से भी अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए उन्होंने कई बड़े कार्य करवाए हैं ।

## अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में जिलेवार स्किल गैप स्टडी की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग कौशल के रोजगार एवं उद्यमिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, संदीप वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिलेवार स्किल गैप स्टडी की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीडीसीओआर की टीम ने अलवर जिले से संबंधित स्किल गैप स्टडी के प्रमुख निष्कर्ष प्रस्तुत किए। साथ ही राज्य के विभिन्न जिलों में प्राथमिक एवं द्वितीयक डेटा संग्रहण की वर्तमान स्थिति की जानकारी भी दी गई। अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा ने निर्देश दिए कि पीडीसीओआर एक समेकित रिपोर्ट प्रस्तुत करे, जिसमें स्पष्ट रूप से बताया जाए कि किन जिलों में सर्वे पूरा हो चुका है, किनमें कार्य जारी है और शेष जिलों में सर्वे कब तक किया जाएगा। इसके साथ ही बाकी जिलों के लिए सर्वे की शुरुआत और पूर्णता की तारीखों सहित एक स्पष्ट टाइमलाइन देने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में यह भी कहा गया कि विभिन्न सेक्टर स्किल काउंसिल्स द्वारा पहले किए गए स्किल गैप विश्लेषणों को एकत्रित किया जाए और हाल ही में पूरी हुई स्टडीज के निष्कर्षों को अंतिम रिपोर्ट में शामिल किया जाए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिए कि तैयार रिपोर्ट संबंधित जिला कलेक्टर्स को भेजी जाए, ताकि वे श्रम विभाग, रोजगार कार्यालयों और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अध्ययन के निष्कर्षों पर सुझाव ले सकें और भविष्य की कौशल विकास योजनाओं को स्थानीय जरूरतों के अनुसार बेहतर तरीके से लागू किया जा सके।

# महिला आरक्षण बिल को तो हमने 2023 में ही मंजूर करवा दिया था, हमने कभी भी महिला आरक्षण का विरोध नहीं किया: अलका लांबा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कांग्रेस की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने मंगलवार को जयपुर में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करती हुई कहा कि हमने कभी भी महिला आरक्षण का विरोध नहीं किया हमने वर्ष 2023 में महिला आरक्षण बिल को संसद में मंजूर करवाया था इसलिए यह बिल तो पहले से ही कानून बन चुका है अभी जो मोदी सरकार की ओर से संसद में बिल लाया गया वह महिला आरक्षण बिल में संशोधन से संबंधित था जिसमें मोदी सरकार सुनियोजित तरीके से षडयंत्र पूर्वक परिसीमन का खेल खेल कर अपना राजनीतिक स्वार्थ हासिल करके ओबीसी दलित महिला वर्ग की महिलाओं के साथ ना इंसाफी करना चाहती थी और उत्तर और दक्षिण भारत के बीच की खाई को और लंबा करना चाहती थी जो हमें मंजूर नहीं था। उन्होंने कहा कि ऐसे कैसे हो सकता है कांग्रेस पार्टी महिला विरोधी हो क्योंकि महिला आरक्षण की शुरुआत कांग्रेस पार्टी की सरकार ने ही की थी जब 1989 में राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे उन्होंने सबसे पहले पंचायत राज्य पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव में 33 प्रतिशतआरक्षण संबंधी बिल लेकर आए थे बाद में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री



मनमोहन सिंह सरकार के समय भी हमने महिला आरक्षण की पहल की थी। लेकिन पूर्ण बहुमत नहीं होने की वजह से हम कामयाब नहीं हो पाए थे बाद में वर्ष 2014 में केंद्र में एनडीए की सरकार का गठन होने के बाद हमने कई बार महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार को पत्र लिखा वर्ष 2016 में भी राहुल गांधी ने महिलाओं को आरक्षण संबंधी पत्र सरकार को लिखा लेकिन सरकार ने कोई प्रयास नहीं किया । इस तरह से कांग्रेस पार्टी हमेशा महिलाओं का सम्मान और महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए समय-समय पर प्रयास करती रही है इसलिए भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का कांग्रेस को महिला विरोधी बताना पूरी तरह से अनुचित है पत्रकारों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि जब 2023 में पूर्ण बहुमत से महिला आरक्षण बिल मंजूर हुआ था तो यह अपने आप ही संविधान का हिस्सा और कानून बन गया था हमने उस समय कहा था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में ही महिलाओं को यह 33 प्रतिशत आरक्षण मिल जाए। इसके लिए आप तुरंत नोटिफिकेशन कर दीजिए लेकिन सरकार ने जनगणना और कई अन्य बातें कहकर 2024 के चुनाव में ही महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए मुंह फेर लिया अगर मोदी सरकार चाहती तो 2024 के चुनाव में ही लोकसभा की कुल 543 सीटों में आज 183 महिला सांसद होती लेकिन मोदी सरकार ने महिलाओं को उनका हक नहीं दिया जबकि महिलाओं को 33 आरक्षण वाला बिल पहले से ही मंजूर हो चुका था। अलका लांबा ने कहा कि अभी जो बिल लेकर सरकार आई है वह महिला आरक्षण बिल नहीं है बल्कि महिला आरक्षण में संशोधन वाला बिल है जिसमें सरकार परिसीमन को जोड़ रही थी उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के दौरान हमने कहा कि अगर आपको महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना है तो वर्तमान में 543 सीट है इनमें 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देने का नोटिफिकेशन जारी कर दीजिए लेकिन सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करके 543 सीटों को 850 सीटों तक बढ़कर उसमें महिलाओं को आरक्षण देने का विचार रखती थी जबकि 2011 की जनसंख्या और वर्तमान की जनसंख्या में कितना बड़ा अंतर आ गया है लेकिन सरकार इस अंतर को नजरअंदाज कर और ओबीसी दलित महिलाओं की बड़ी हुई जनसंख्या को इग्नोर करके अपने हिसाब से परिसीमन करके 850 सीटों का आंकड़ा करना चाहती थी जो तार्किक रूप से और सामाजिक समानता के तौर पर ठीक नहीं था क्योंकि 2021 में सरकार ने जनगणना नहीं करवाई और अब जो जनगणना होगी वह 2026 और 27 में होगी इसलिए सरकार के पास वर्तमान में जनसंख्या का कोई आंकड़ा था नहीं इसलिए वह अपनी सोची समझी रणनीति के तहत 2011 की जनगणना के आधार पर ही परिसीमन करके.543 सीटों में वृद्धि करके इस आंकड़े को 850 सीटों तक पहुंचाना चाहती थी और 850 सीटों में 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देना चाहतीथी जो बिल्कुल भी तार्किक नहीं था इसलिए हमने विरोध किया अलका लांबा ने कहा कि सरकार सिर्फ अपना फायदा देख रही थी सरकार को 2011 के बाद अब तक जो जनसंख्या में बढ़ोतरी हुई है इस जनसंख्या बढ़ोतरी से सरकार का लोकसभा की सीट बढ़ाने में कोई मतलब नहीं था सरकार सिर्फ मनमाने तरीके से परिसीमन करके उत्तर और दक्षिण के राज्यों में खाई के अंतर को और बढ़ाना चाहती थी तथा ओबीसी और दलित वर्ग की महिलाओं को अधिकार नहीं देना चाहती थी इसीलिए सरकार 2026 और 2027 की जनसंख्या से पहले परिसीमन करके लोकसभा की सीटों में वृद्धि करके इस बिल के माध्यम से महिलाओं को आरक्षण देना चाहती थी जो तार्किक रूप से बिल्कुल भी ठीक नहीं था इसीलिए हम सब ने विरोध किया अलका लांबा ने पत्रकारों को कहा कि हम चाहते हैं देश में सामाजिक समानता हो इसीलिए हम लगातार सरकार पर जातिगत जनगणना का दबाव कई सालों से बना रहे थे लेकिन सरकार हमारी बात नहीं मान रही थी बाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सरकार को बैक फुट पर होना पड़ा उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 और वर्तमान में 2026 में कितना अंतर आ चुका है कितनी पॉपुलेशन बढ़ चुकी है कितनी महिलाओं की संख्या में हिज़ाफा हो चुका है जब तक इन सब बातों को देखते हुए हम परिसीमन नहीं करेंगे तब तक सार्थक परिसीमन नहीं हो सकता इसीलिए हमने 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करके मनमाने तरीके से लोकसभा की सीटों में बढ़ोतरी करने की कांग्रेस और सहयोगी दलों ने खिलाफत की जो भारत जैसेलोकतांत्रिक देश के लिए जरूरी था ।

## सम्पादकीय

# रफ्तार पर भारी पड़ती मौत की राह



इसमें दोराय नहीं कि देश के विकास के लिए बुनियादी ढांचे का विस्तार बेहद जरूरी होता है। आम लोगों के लिए जीवनरेखा मानी जाने वाली सड़कों का निर्माण भी इसी श्रेणी में आता है। देश में पिछले कुछ वर्षों में नई सड़कें बनाने की गति निश्चित रूप से तेज हुई है, लेकिन इसके साथ ही हादसों का सिलसिला भी बदस्तूर जारी है। विशेषकर उच्च तकनीक की मदद से तैयार किए जा रहे एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्ग चमकदार एवं सुविधाजनक जरूर दिखते हैं, मगर ये सुरक्षित सफर की कसौटी पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं। देश में सड़कों की कुल लंबाई का केवल दो फीसदी राष्ट्रीय राजमार्ग है, लेकिन सड़क हादसों में होने वाली मौत की कुल संख्या में इनकी हिस्सेदारी करीब तीस फीसदी तक पहुंच गई है। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर गंभीर चिंता जताते हुए केंद्र, राज्य सरकारों और संबंधित प्राधिकरणों को सड़क सुरक्षा मजबूत करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कहा कि प्रशासनिक सुस्ती या बुनियादी ढांचे की कमियों के कारण एक्सप्रेस-वे खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए। गौरतलब है कि देश में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के सरकार के दावों के बावजूद इनमें साल दर साल बढ़ोतरी हो रही है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2019 में देश में 4.56 लाख सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें लगभग 1.59 लाख लोगों की मौत हो गई। वर्ष 2020 के कोरोनाकाल में पूर्णबंदी के कारण सड़क हादसों में कुछ कमी आई, लेकिन उसके बाद वर्ष 2021 में करीब 4.2 लाख, 2022 में 4.61 लाख और 2023 में 4.80 लाख दुर्घटनाएं हुईं। यानी पांच वर्षों में 21 लाख से ज्यादा सड़क हादसों में करीब आठ लाख लोगों की मौत हो गई। यह आंकड़ा वास्तव में चिंताजनक है, लेकिन इसमें कमी लाने के प्रयास सरकारी कागजों से बाहर निकलकर धरातल पर प्रभावी रूप से अमल में आते नजर नहीं आ रहे हैं। सड़कों पर जिन खतरों को टाला जा सकता है, अगर उनकी वजह से लोगों की जान जाती है, तो यह स्पष्ट रूप से नागरिकों की सुरक्षा में व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है। हाल के दिनों में यह देखा गया है कि सड़क पर अवैध रूप से वाहन खड़ा करना दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर भोजनालयों की बढ़ती संख्या भी इस स्थिति के लिए जिम्मेदार है, जहां वाहनों को सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़ा कर दिया जाता है। संबंधित महकमे की ओर से ऐसे भोजनालयों को जोखिम का आकलन किए बिना ही अनुमति दे दी जाती है। इसी के मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय ने अपने दिशा-निर्देशों में कहा है कि संबंधित प्राधिकरण और नियामकीय एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्धारित स्थलों को छोड़कर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों को कहीं भी खड़ा या रोका नहीं जाएगा। नियमानुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात पुलिस की नियमित गश्त का प्रावधान है, लेकिन इसमें भी विभिन्न स्तरों पर लापरवाही साफ दिखती आती है। इसके अलावा, राजमार्गों पर वाहनों की तेज गति, सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामी और संकेतकों का अभाव एवं अस्पष्टता भी दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। इन व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए उन्नत यातायात प्रबंधन प्रणाली का इस्तेमाल भी कम ही नजर आता है।

## कहानी

# बोतल के क़ैदी

बड़ा सुनसान जज़ीरा था। ऊँचे-ऊँचे और भयानक दरख़्तों से ढका हुआ। जितने भी सय्याह समुंद्र के रास्ते उस तरफ़ जाते, एक तो वैसे ही उन्हें हौसला न होता था कि उस जज़ीरे पर क़दम रखें। दूसरे आस-पास के माही-गीरों की ज़बानी कही हुई ये बातें भी उन्हें रोक देती थीं कि उस जज़ीरे में आज तक कोई नहीं जा सका और जो गया वापिस नहीं आया। उस जज़ीरे पर एक अंजाना ख़ौफ़ छाया रहता है। इनसान तो इनसान परिंदा भी वहाँ पर नहीं मार सकता। ये और इसी क़िस्म की दूसरी बातें सय्याहों के दिलों को सहमा देती थीं। बहुतेरों ने कोशिश की मगर उन्हें जान से हाथ धोने पड़े। एक दिन का ज़िक्र है कि चार आदमियों के एक छोटे से क़ाफ़िले ने उस हैबत-नाक जज़ीरे पर क़दम रखा। कमाल, एक कारोबारी आदमी था। वो बंबई के हंगामों से उकता कर एक पुर-सुकून और अलग-थलग सी जगह की तलाश में था। जब उसे मा'लूम हुआ कि वो जज़ीरा अभी तक ग़ैर-आबाद है तो वो अपनी बीवी परवीन, अपनी लड़की अख़्तर, अपने लड़के अशरफ़ को जज़ीरे के बारे में बताया। दोनों भाई बहन ने जो ये बात सुनी तो बेहद ख़ुश हुए। क्योंकि उनके ख़्याल में उस जज़ीरे पर एक छोटे से घर में कुछ वक़्त गुज़ारना जन्नत में रहने के बराबर था। आख़िर-ए-कार वो दिन आ ही गया जब कमाल अपने बच्चों के साथ उस जज़ीरे पर उतरा। जज़ीरा अंदर से बहुत ख़ूबसूरत था। जगह-जगह फूलों के पौदे लहलहा रहे थे। थोड़े-थोड़े फ़ासले पर फल-दार दरख़्त सीना ताने खड़े थे। ऊँचे-ऊँचे टीलों और सब्ज़ घास वाला जज़ीरा बच्चों को बहुत पसंद आया। मगर अचानक कमाल ने चौंक कर इधर-उधर देखना शुरू कर दिया। उसे ऐसा लगा जैसे किसी ने हलका क़हक़हा लगाया हो। पहले तो उसने इस बात को वह्म समझ कर दिल में जगह नहीं मगर दुबारा भी ऐसा ही हुआ तो उसके कान खड़े हुए। उसने दिल में सोच लिया कि माहीगीरों की कही हुई बातों में सच्चाई ज़रूर है। मगर उसने बेहतर यही समझा कि अपने इस ख़्याल को किसी दूसरे पर ज़ाहिर न करे। अगर वो ऐसा करता तो बच्चे ज़रूर डर जाते। जब तक दिन रहा वो सब जज़ीरे की सैर करते रहे। रात हुई तो उन्हें कोई महफ़ूज़ जगह तलाश करनी पड़ी जहाँ वो ख़ेमा लगाना चाहते थे। आख़िर एक छोटे से टीले से नीचे उन्होंने ख़ेमा गाड़ दिया। मगर कमाल बार-बार यही सोच रहा था कि आख़िर वो हल्के से क़हक़हे उसे फिर सुनाई दिए। कमाल को परेशानी तो ज़रूर हुई मगर वो अपनी इस परेशानी को दूसरों पर ज़ाहिर नहीं करना चाहता था। इसलिए उसने अपनी बीवी से कहा, 'अभी तो इसी जगह रात बसर की जाए, सुबह को ऐसी जगह देखूँगा जहाँ मकान बनाया जा सके।' 'मगर सुनो कमाल। क्या तुमने किसी के हँसने की आवाज़ सुनी है?' परवीन ने सहम कर पूछा। 'सुनी तो है।' कमाल ने आहिस्ता से कहा। 'मगर इस बात को बच्चों से छुपाए रखना, मेरे ख़्याल में माहीगीर ठीक कहते थे। मगर डरने की कोई बात नहीं। मैं इतना बुज़दिल नहीं हूँ कि इन मा'मूली बातों से घबराऊँ।' अभी वो बातें कर ही रहे थे कि अशरफ़ ने सहम कर कहा, 'अब्बा! मैंने किसी की हंसी सुनी है और ये हंसी बहुत क़रीब ही से सुनाई दी है। क्या बात है? कहीं यहाँ भूत-वूत तो नहीं हैं?' 'पागल मत बनो अशरफ़। ये तो किसी परिंदे की आवाज़ है। मैं भी बहुत देर से सुन रहा हूँ।' कमाल ने तो ये कह कर अशरफ़ को टाल दिया। मगर अशरफ़ सोच रहा था कि इस जज़ीरे में तो एक भी परिंदा नहीं है। फिर आख़िर अब्बा झूट क्यों बोल रहे हैं। जब उसकी समझ में कुछ न आया तो वो ख़ामोशी से अंदर ख़ेमे में जा कर लेट गया और सोचने लगा कि जब सुबह होगी तो ख़्वाह-म-ख़्वाह का डर भी उसके दिल से दूर हो जाएगा। रात को तो ऐसे ही ऊट-पटांग ख़्याल ज़ह्न में आया करते हैं। सुबह भी आ गई। दूसरी जगहों की तरह यहाँ-परिंदों की चह-चहाहट बिलकुल नहीं थी। फूलों पर तितलियाँ नहीं मंडला रही थीं। एक पुर-असरार ख़ामोशी ने पूरे जज़ीरे को अपनी गोद में ले रखा था। कमाल ने सबको उठाया और फिर कहा, 'आओ जज़ीरे के कोने-कोने को देखें, हो सकता है कि कहीं हमें कोई ऐसी जगह मिल जाए जहाँ पीने का पानी भी हो और जो समुंद्र से क़रीब भी हो। बस ऐसी ही जगह हम अपना छोटा सा घर बनाएँगे।' ये सुन कर सबने सामान बाँधा और अपने कंधों पर लटका लिया। फिर ये छोटा सा कुम्बा घर बनाने के लिए जज़ीरे के अंदर बढ़ने लगा। शायद एक-दो फ़र्लांग चलने के बाद ही कमाल ठिठक गया। उसकी नज़रें सामने की तरफ़ जमी हुई थीं।

# एकसूत्र में पिरोती त्रिभाषा प्रणाली

*जबकि तमिलनाडु में सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों की कुल संख्या ही 1,800 के आसपास है। भाषा के नाम पर राजनीति करने वालों के लिए एक और तथ्य ध्यान देने योग्य है। कर्नाटक में शैक्षिक वर्ष 2026 के दौरान राज्य बोर्ड के 93 प्रतिशत छात्रों (8.1 लाख में से 7.5 लाख से अधिक) ने तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को चुना है। दक्षिण भारतीय राज्यों में आमजन पर 'हिंदी थोपे जाने' के आरोप की पोल खोलने के लिए यह एक उदाहरण ही पर्याप्त है। भाषा-भेद के आधार पर उत्तर-दक्षिण को बांटने वाली राजनीति करने वाले नेताओं एवं दलों के मन में सदैव यह डर बना रहता है कि कहीं त्रिभाषा सूत्र के सफल होने से भाषा-भेद की कृत्रिम बुनियाद पर खड़ी उनकी राजनीति कमजोर न पड़ जाए। इसीलिए वे भाषा संबंधी हर पहल का विरोध प्रारंभ कर देते हैं। भाषा को विवाद का विषय बनाना न तो शिक्षा के हित में है और न ही समाज के। वस्तुतः भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि अवसर, गतिशीलता और सामाजिक समावेशन का आधार भी है। आज भारत में जहां लाखों प्रवासी श्रमिक एक राज्य से दूसरे राज्य में रोजगार के लिए जाते हैं, वहां उनके बच्चों की शिक्षा में निरंतरता एक बड़ी चुनौती बन जाती है। ऐसे में बहुभाषिक शिक्षा व्यवस्था उनके लिए सेतु का कार्य कर सकती है, जिससे वे नए परिवेश में सहज रूप से समायोजित हो सकें। त्रिभाषा प्रणाली न केवल शैक्षिक निरंतरता सुनिश्चित करती है,*



वर्तमान शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई ने कक्षा छह से तीन भाषाओं की पढ़ाई को अनिवार्यतः लागू करने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को किन्हीं दो भारतीय मूल की तथा एक विदेशी भाषा का अध्ययन करना होगा। विद्यार्थियों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े, अतः इसे चरणबद्ध तरीके से लागू करने की व्यवस्था की गई है। सत्र 2030-31 तक इसे क्रमशः दसवीं कक्षा तक लागू किया जाएगा। सीबीएसई का यह निर्णय न केवल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप है, बल्कि 1968 और 1986 की शिक्षा नीतियों में दिए गए भाषा संबंधी सुझावों को भी समाहित एवं समायोजित करने वाला है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि शिक्षा के क्षेत्र में की जाने वाले हर आवश्यक पहल को अनावश्यक विवादों में घसीटा जाता है। सीबीएसई की इस पहल को भी द्रमुक जैसे दल 'हिंदी थोपने का प्रयास' बताकर जनता को भ्रमित करने की कुचेष्टा कर रहे हैं, जबकि इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि तीनों भाषाओं का चयन राज्यों, क्षेत्रों और विद्यार्थियों की पसंद के अनुसार होगा। यह व्यवस्था केवल उन विद्यालयों पर लागू होगी, जो सीबीएसई से संबद्ध हैं। अनेक ऐसे विद्यालय हैं, जो पहले से ही विद्यार्थियों को तीसरी भाषा का विकल्प प्रदान करते रहे हैं। गत वर्ष लोकसभा में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, तमिलनाडु के कुल 1905 विद्यालयों में से 3.2 प्रतिशत में तीन भाषाएं पढ़ाई जाती रही हैं। जबकि तमिलनाडु में सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों की कुल संख्या ही 1,800 के आसपास है। भाषा के नाम पर राजनीति करने वालों के लिए एक और तथ्य ध्यान देने योग्य है। कर्नाटक में शैक्षिक वर्ष 2026 के दौरान राज्य बोर्ड के 93 प्रतिशत छात्रों (8.1 लाख में से 7.5 लाख से अधिक) ने तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को चुना है। दक्षिण भारतीय राज्यों में आमजन पर 'हिंदी थोपे जाने' के आरोप की पोल खोलने के लिए यह एक उदाहरण ही पर्याप्त है। भाषा-भेद के आधार पर उत्तर-दक्षिण को बांटने वाली राजनीति करने वाले नेताओं एवं दलों के मन में सदैव यह डर बना रहता है कि कहीं त्रिभाषा सूत्र के सफल होने से भाषा-भेद की कृत्रिम बुनियाद पर खड़ी उनकी राजनीति कमजोर न पड़ जाए। इसीलिए वे भाषा संबंधी हर पहल का विरोध प्रारंभ कर देते हैं। भाषा को विवाद का विषय बनाना न तो शिक्षा के हित में है और न ही समाज के। वस्तुतः भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि अवसर, गतिशीलता और सामाजिक समावेशन का आधार भी है। आज भारत में जहां लाखों प्रवासी श्रमिक एक राज्य से दूसरे राज्य में रोजगार के लिए जाते हैं, वहां उनके बच्चों की शिक्षा में निरंतरता एक बड़ी चुनौती बन जाती है। ऐसे में बहुभाषिक शिक्षा व्यवस्था उनके लिए सेतु का कार्य कर सकती है, जिससे वे नए परिवेश में सहज रूप से समायोजित हो सकें। त्रिभाषा प्रणाली न केवल शैक्षिक निरंतरता सुनिश्चित करती है, बल्कि विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को भी व्यापक बनाती है। यह उन्हें विविध संस्कृतियों, परंपराओं और विचारों से परिचित कराती है। एक से अधिक भाषाओं का ज्ञान व्यक्ति के संज्ञानात्मक विकास, रचनात्मकता और संप्रेषण कौशल को भी सुदृढ़ करता है। वैसे भी वैश्वीकरण के इस युग में बहुभाषिकता एक महत्वपूर्ण कौशल बन चुकी है। भारतीय भाषाओं में भेद या संघर्ष नहीं, अपितु विभिन्न स्तरों पर परस्पर गहरी समानताएं विद्यमान हैं। उन समानताओं का वितान भाव, विचार, ध्वनि, पद, वाक्य आदि की व्याकरणगत संरचना से लेकर लोकोक्ति, मुहावरों एवं लोक-कथाओं तक फैला हुआ है। वैविध्य में एकत्व देखने की अद्वितीय भारतीय जीवन-दृष्टि का मूल आधार भी यहां की विभिन्न भाषाएं, उनका समृद्ध साहित्य और उनमें वर्णित तत्व एवं कथ्य ही हैं। तमाम कृत्रिम, कल्पित, प्रचारित भेदभावों के अतिरंजित दावों के बावजूद उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम के मध्य सतत एवं सहज सांस्कृतिक संवाद रहा है। तीर्थों, मेलों, उत्सवों, परंपराओं में उसकी जीवंत अभिव्यक्ति देखने को मिलती रही है। इतिहास साक्षी है कि इस देश के सच्चे संतों, कवियों, दार्शनिकों, साहित्यकारों ने भाषा, पंथ, प्रांत, जाति आदि के भेदभावों से परे एकता, समन्वय एवं समरसता के सूत्रों को सदैव थामे रखा। भिन्न-भिन्न दर्शन, संप्रदाय, मठ-धाम-तीर्थ, इन सबके मध्य निर्बाध संवाद एवं सतत समन्वय ही हमारी राष्ट्र-दृष्टि और सनातन नीति रही। इस दृष्टि-पथ को भिन्न-भिन्न भाषाएं और उसमें रचे गए साहित्य आलोकित करते रहे। यह इसका प्रमाण है कि भारतीय भाषाएं और विचार परंपराएं स्वभावतः परस्पर जुड़ाव और संवाद की क्षमता रखती हैं। यह कहना उचित होगा कि सभी भारतीय भाषाएं, राष्ट्रीय भाषाएं हैं।

# आतंक के खिलाफ मजबूत मोर्चा

*भारत ने आतंकवाद से लड़ते हुए कई अनुभव हासिल किए हैं। इस क्रम में माओवाद से निपटने में अपनाई गई 'समाधान' संकल्पना एक उत्कृष्ट उदाहरण है। दृढ़ इच्छाशक्ति, स्पष्ट रणनीति, बेहतर समन्वय और मजबूत खुफिया तंत्र के माध्यम से उग्रवाद को काफी हद तक नियंत्रित किया गया। इससे यह सिद्ध हुआ कि यदि नीति स्पष्ट हो और एजेंसियों के बीच तालमेल मजबूत हो, तो जमीनी स्तर पर ठोस परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। हालांकि आतंक से निपटने में आज की चुनौतियां कहीं अधिक विकराल हैं। आतंकवाद मुख्यतः बाहरी ताकतों द्वारा पोषित है। अब बिखरे हुए छोटे-छोटे समूहों, अकेले काम करने वाले व्यक्तियों और आनलाइन नेटवर्क के रूप में भी वह विस्तार ले रहा है। इस तरह यह एक साथ जमीनी, इंटरनेट और वित्तीय तंत्र तीनों स्तरों पर काम करता है। ऐसे में अलग-अलग और*

भारत दशकों से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष आतंकवाद का सामना करता आया है। यह लड़ाई हमारे लिए नई नहीं है। आतंकवाद कितना वीभत्स हो सकता है, इसका एक उदाहरण पिछले वर्ष पहलगाम में हुआ आतंकी हमला था, जिसमें लोगों को उनका मजहब पूछकर मारा गया था। चूंकि पहलगाम हमले की बरसी निकट है, इसलिए हमें आतंकवाद के खतरों को लेकर सचेत रहना होगा। पहले जहां आतंकवाद सीमांत क्षेत्रों और पारंपरिक तरीकों तक सीमित था, वहीं अब यह उच्च तकनीक, इंटरनेट और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के सहारे तेजी से फैलने वाला वैश्विक खतरा बन गया है। आज आतंकी केवल हथियारों के सहारे नहीं, बल्कि डिजिटल माध्यमों, गुप्त वित्तीय नेटवर्कों और वैचारिक प्रचार के जरिये भी काम कर रहे हैं। इस बदलते स्वरूप को समझे बिना आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपटना संभव नहीं है। इसी संदर्भ में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक समयानुकूल पहल की है। इसे नाम दिया है 'प्रहार' (यानी प्रोएक्टिव रिस्पांस अगेंस्ट होस्टाइल एक्ट्स)। यह कदम आतंकवाद से निपटने में बाजी पलटने वाला दांव सिद्ध हो सकता है।



भारत ने आतंकवाद से लड़ते हुए कई अनुभव हासिल किए हैं। इस क्रम में माओवाद से निपटने में अपनाई गई 'समाधान' संकल्पना एक उत्कृष्ट उदाहरण है। दृढ़ इच्छाशक्ति, स्पष्ट रणनीति, बेहतर समन्वय और मजबूत खुफिया तंत्र के माध्यम से उग्रवाद को काफी हद तक नियंत्रित किया गया। इससे यह सिद्ध हुआ कि यदि नीति स्पष्ट हो और एजेंसियों के बीच तालमेल मजबूत हो, तो जमीनी स्तर पर ठोस परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। हालांकि आतंक से निपटने में आज की चुनौतियां कहीं अधिक विकराल हैं। आतंकवाद मुख्यतः बाहरी ताकतों द्वारा पोषित है। अब बिखरे हुए छोटे-छोटे समूहों, अकेले काम करने वाले व्यक्तियों और आनलाइन नेटवर्क के रूप में भी वह विस्तार ले रहा है। इस तरह यह एक साथ जमीनी, इंटरनेट और वित्तीय तंत्र तीनों स्तरों पर काम करता है। ऐसे में अलग-अलग और असंगठित प्रयास पर्याप्त नहीं होंगे। प्रहार जैसी संकल्पना इन्हीं पहलुओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। यह तकनीक, खुफिया जानकारी, कानून व्यवस्था, वित्तीय निगरानी और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में समन्वयन को सुनिश्चित करती है। इसका उद्देश्य स्पष्ट है-खतरे को चिह्नित करना, उसे बढ़ने से रोकना और जरूरत पड़ने पर तुरंत और सख्त कार्रवाई करना। इस नीति की सबसे बड़ी विशेषता इसका समग्र दृष्टिकोण है।

आतंकवाद बंदूक या बम का मामला नहीं है, बल्कि यह एक सोच, एक बड़े नेटवर्क और दुश्मन के सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा है, इसलिए इसका समाधान भी बहुआयामी होना चाहिए। प्रहार सात मुख्य स्तंभों पर आधारित है, जो इसे एक संतुलित और प्रभावी नीति बनाते हैं। एक स्तंभ है रोकथाम यानी खुफिया जानकारी के आधार पर समय रहते कार्रवाई। दूसरा स्तंभ है प्रतिक्रिया, जिसमें किसी घटना पर त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई। तीसरा स्तंभ है विश्लेषण, जिसमें सटीक जानकारी एवं विश्लेषण के आधार पर निर्णय। चौथा स्तंभ है मानवाधिकार अनुपालन यानी कानून और संविधान के दायरे में रहकर कार्रवाई। पांचवां स्तंभ है आतंकी वित्तीय ढांचे की कमर तोड़ना, ताकि उन तक वित्तीय मदद पहुंचने ही न पाए। छठा स्तंभ है जागरूकता और कट्टरता-निरोध, जिसमें समाज को साथ लेकर चलना और दुष्प्रचार का समय से खंडन। सातवां स्तंभ है लचीलापन और पुनर्बहाली यानी घटना के बाद तेजी से सामान्य स्थिति बहाल करना। ये सभी स्तंभ ऐसी रणनीति बनाते हैं, जो न केवल आतंक को रोकने में सक्षम है, बल्कि समाज को भी मजबूत बनाती है। आज आतंकी नई तकनीकों का तेजी से उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में पारंपरिक पुलिसिंग पर्याप्त नहीं रह गई है।

# मार्ग दुर्घटनाओं का सिलसिला

जम्मू-कश्मीर के ऊधमपुर जिले में एक बस के गहरी खाई में गिरने से 20 से अधिक यात्रियों की मौत आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में से एक है। चूंकि इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या अधिक है, इसलिए शीर्ष स्तर पर शोक व्यक्त किया जाया जा रहा है और दुर्घटना के कारणों की जांच का भरोसा दिया जा रहा है, पर सब जानते हैं कि ऐसे आश्वासन मार्ग दुर्घटनाओं को कम करने में कतई सहायक नहीं बन पा रहे हैं। अपने देश में मार्ग दुर्घटनाएं और उनमें मरने एवं घायल होने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। आम तौर पर हर सड़क दुर्घटना के बाद वही-वही कारण सामने आते हैं, जिनके चलते तमाम मार्ग दुर्घटनाएं हो चुकी होती हैं। जैसे ओवर



लोडिंग, तेज रफ्तार, लापरवाह ड्राइविंग, अकुशल चालक, यातायात नियमों की अनदेखी या फिर खराब सड़कें अथवा उस पर खतरनाक मोड़। ऊधमपुर में यात्रियों से भरी जो बस खाई में गिरी, उसके दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण उसकी तेज रफ्तार के साथ उसमें आवश्यकता से अधिक यात्री सवार होना बताया जा रहा है। ध्यान रहे यह सरकारी बस थी और फिर भी उसमें इतनी ओवरलोडिंग थी कि कुछ यात्री खड़े होकर यात्रा कर रहे थे। पहाड़ी रास्तों पर तो अतिरिक्त सतर्कता बरती जानी चाहिए थी, पर ऐसा नहीं किया गया। यह संभव नहीं कि बस अड्डे से निकली इस बस पर पुलिस की निगाह न पड़ी हो, लेकिन अपने देश में इस तरह के उल्लंघन इतने आम हो चुके हैं कि उन पर कोई भी ध्यान नहीं देता। विडंबना यह है कि प्रायः यात्री भी खड़े होकर यात्रा करने में गुरेज नहीं करते। वे जोखिम का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। ऐसा नहीं है कि केवल यात्री वाहन ही ओवरलोडिंग करते हों। यही काम कमर्शियल वाहन भी करते हैं और इसके चलते वे भी दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। हमारे नीति-नियंता उन सभी कारणों से भली तरह परिचित हैं, जिनके चलते सड़क हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन उनका निवारण करने के नाम पर केवल कोरे आश्वासन दिए जा रहे हैं। आम सड़कों से लेकर राजमार्गों तक का निर्माण इस तरह सुनिश्चित नहीं किया जा पा रहा है कि उनकी डिजाइन में कोई खामी न रहे और उनमें ब्लैक स्पाट यानी जोखिम वाले ठौर न बनने पाएं। इसी तरह पुलिस यह सुनिश्चित नहीं कर पा रही है कि कोई भी वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन न करने पाए।

प्रादेशिक जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
22 अप्रैल, 2026

## खेमचंद गुर्जर बने तहसीलदार, किया भव्य अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की आरएएस परीक्षा में 387वीं रैंक हासिल कर तहसीलदार पद पर चयनित हुए क्षेत्र के होनहार खेमचंद गुर्जर का दीपक पब्लिक स्कूल पावटा में भव्य अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय संचालक महेश कुमार यादव व प्रिंसिपल ने खेमचंद गुर्जर का माल्यार्पण व साफा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के संदीप यादव, राजेश यादव, महिपाल सिंह शेखावत, नरेश कुमार सैनी और राजकुमार जी सहित अन्य सदस्यों ने भी पुष्पहार अर्पित कर उनकी सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।संचालक महेश कुमार यादव ने कहा कि खेमचंद गुर्जर का संघर्षपूर्ण सफर–पुलिस विभाग में सेवा से लेकर तहसीलदार बनने तक–ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। खेमचंद गुर्जर ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए युवाओं को लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहकर निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ, ग्रामीण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## राजीनामा योग्य मामलों के निस्तारण के लिए समझाइश




जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष (जिला व सत्र न्यायाधीश) माधवी दिनकर के निर्देशन में तालुका विधिक सेवा समिति सांभर लेक की ओर से राजीनामा योग्य मामलों के शीघ्र निस्तारण को लेकर विशेष समझाइश कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला व सेशन न्यायाधीश क्रमांक-1) अरविन्द कुमार जांगिड़ के मार्गदर्शन में भानुप्रिया सेहरा, न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय सांभर लेक की ओर से नगर पालिका मण्डल फुलेरा के सभागार में फुलेरा व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए पक्षकारों को आपसी सहमति से विवादों के समाधान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पक्षकारों को राजीनामा योग्य प्रकरणों वंल प्री-लिटिगेशन मामलों में आपसी समझाइश कर सौहार्दपूर्ण समाधान अपनाने की सलाह दी गई। साथ ही आगामी 9 मई को न्यायालय परिसर सांभर लेक में आयोजित होने वाली वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराने के लिए उपस्थित पक्षकारों को जागरूक व प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सचिव तालुका विधिक सेवा समिति रणजीत सिंह राठौड़, लीगल एड असिस्टेंट चान्दमल सांभरिया, पैरा लीगल वॉलेंटियर्स शंकर लाल छंदवाल, कैलाश चन्द माली, नितेश, राकेश कुमार, किशन यादव, अजय चौधरी, सोम्या वर्मा, आरती गुर्जर, मधु कुमावत व तरुण शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## भांकरी में सिक्किम राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर पहुंचे, विधायक कुलदीप धनकड़ के पुत्र की निकासी में लिया भाग



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** पावटा क्षेत्र के भांकरी गांव में आयोजित निकासी (विवाह) कार्यक्रम उस समय विशेष बन गया, जब सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर समारोह में शामिल हुए। उन्होंने विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ के पुत्र अनुज को आशीर्वाद देते हुए परिवार को शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल के आगमन पर पुलिस की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अर्पणा गुप्ता, जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत (पशुपालन एवं डेयरी, गोपालन) व संजय शर्मा (वन व पर्यावरण मंत्री) का बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत की ओर से पुष्प भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों व क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति रही। पूरे आयोजन के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कार्यक्रम शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

## पीएनजी नेटवर्क के विस्तार, विकास एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी

**अलवर(निस.)।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. आर्तिका शुक्ला ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा पीएनजी नेटवर्क के विस्तार, विकास एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जारी किए गए निर्देशों के पालना कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारियों, जिला रसद अधिकारी, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता एवं आईओसीएल के जिला नोडल अधिकारी को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्राधिकार में जहां भी पीएनजी नेटवर्क का कार्य प्रगति पर है या प्रस्तावित है, वहां नियमित रूप से निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्य समयबद्ध एवं सुरक्षित रूप से पूर्ण हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि सड़क निर्माण, मरम्मत, खुदाई अथवा अन्य किसी भी प्रकार के कार्य करते समय यह विशेष ध्यान रखा जाए कि पीएनजी पाइपलाइन को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे। कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व संबंधित एजेंसी से समन्वय स्थापित करना अनिवार्य होगा।

# 14 बीघा में बस रही दो अवैध कॉलोनियां जेडीए ने की ध्वस्त

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भ्रष्टाचार व अतिक्रमण के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सांगानेर क्षेत्र में दो अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई में करीब 14 बीघा भूमि पर किए गए अवैध विकास को पूरी तरह हटाया गया। जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देश पर प्रवर्तन दस्ते ने जोन-14 के तहत वाटिका भाटेड रोड स्थित रामसिहपुरा में करीब 4 बीघा कृषि भूमि पर बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनी पर कार्रवाई की। यहां मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउंड्रीवाल, कोठरी सहित अन्य निर्माण प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्त कर दिए गए। उप महानिरीक्षक पुलिस आनंद शर्मा ने बताया कि इस कार्रवाई से अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को समय रहते विफल कर दिया गया। ध्वस्तीकरण पर आए 22,277 रुपये खर्च की वसूली संबंधित व्यक्तियों से की जाएगी। इसी तरह जोन-12 क्षेत्र में सिरसी-बिंदायका के पास ग्राम निमेड़ा में 8 बीघा भूमि पर 'बजरंग वाटिका' नाम से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को भी ध्वस्त किया गया। यहां भी बिना भू-रूपांतरण व स्वीकृति के सड़क, बाउंड्रीवाल व टिनशेड निर्माण किए जा रहे थे, जिन्हें जेसीबी की मदद से हटा दिया गया। इस कार्रवाई में करीब 50 हजार रुपये खर्च हुए, जिसकी वसूली भी संबंधित से की जाएगी। पूरी कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के निर्देशन में प्रवर्तन अधिकारियों, राजस्व व तकनीकी स्टाफ तथा जाप्ते की मौजूदगी में की गई।

## मौहब्बतपुरा में बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** कस्बे के आदर्श आयुष्मान आरोग्य मन्दिर कौशल्या दास की बावडी की ओर से पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत के तहत स्वास्थ जांच आयुर्वेद विभाग कौशल्या दास की बावडी टीम की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहब्बतपुरा में स्कूल की छात्राओ व छात्रो की रक्ताचाप एवं मधुमेह की जांच की गई। नर्स सुमन पारीक की ओर से छात्राओं को मासिक धर्म के बारे में विस्तृत जानकारी स्कूल की छात्राओं को दी गई। योग प्रशिक्षक रामपाल चौधरी व महिला योग प्रशिक्षक सरस्वती शर्मा की ओर से योग के लिए आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर आने के लिए प्रेरित किया गया। डा0लक्ष्मीकान्त शर्मा ने आयुष मित्र एव आयुष सखियो को रक्तचाप नापने व मधुमेह की रक्ताल्पता की जांच करने के लिए व स्वस्थ जीवन -शैली को अपनाने व आहार, निद्रा व ब्रह्मचर्य का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम मौहब्बतपूरा मे घर घर पर हैल्थ सर्वे व मौसमी बीमारियों से बचने व लू-ताप से बचने के घरेलू उपचारों की जानकारी दी। डा0 लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहब्बतपुरा में



31 छात्राओं को रक्ताल्पता, एवं प्रमेह के 35 छात्रों का परीक्षण किया गया व स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित कियागया एवं सभी युवा बच्चो को आदर्श आयुष्मान आरोग्य मन्दिर योग पर योग कक्षा में आने के लिए योग प्रशिक्षक रामपाल चौधरी एवं सरस्वती शर्मा महिला योग प्रशिक्षक ने उद्धबोधन देकर प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य अरविन्द शर्मा ने सभी बच्चों को योग करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य सुनीता गोसाई व वरिष्ठ अध्यापक अरविंद शर्मा ने सभी बच्चों को योग करने के लिए प्रेरित किया।

## हर ग्राम पंचायत में महिला कृषि प्रशिक्षणः नई तकनीकों से सशक्त होंगी महिला किसान, आत्मनिर्भरता को मिलेगा बढ़ावा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** प्रदेश की ग्रामीण महिलाओं को कृषि क्षेत्र में और अधिक सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर महिला कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में शुरू की जा रही इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़कर उनकी उत्पादकता और आय बढ़ाना है। आयुक्त कृषि नरेश कुमार गोयल ने बताया कि वर्ष 2025-26 में प्रदेशभर में 11,019 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 3 लाख 30 हजार 570 महिला कृषकों को लाभान्वित किया जा चुका है। आगामी चरण में ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित कर अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में लघु व सीमांत, अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग की महिलाओं तथा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिला कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि वे नवीन तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ा सकें।

### इन विषयों पर मिलेगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बीज उत्पादन तकनीक, मृदा व जल परीक्षण, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, जैविक खेती, जैविक खाद निर्माण, फसल अवशेष प्रबंधन, वर्षा जल संरक्षण, सूखा खेती तकनीक, ड्रिप व स्प्रिंकलर सिंचाई, पाइपलाइन व डिग्गी निर्माण जैसे विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। साथ ही खरपतवार व कीट नियंत्रण, उन्नत बीज किस्में, बीज प्रतिस्थापन दर बढ़ाने और जैविक-रासायनिक खेती में संतुलन जैसे पहलुओं पर भी प्रशिक्षण होगा। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन जैसी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

### प्रशिक्षण के बाद होगा मूल्यांकन, मिलेंगे पुरस्कारः

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के ज्ञान का परीक्षण भी किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को किसान टार्च, बाल्टी, तसला, डोलची, खाद-बीज जैसी उपयोगी सामग्री देकर सम्मानित किया जाएगा।

### स्थानीय सहभागिता पर रहेगा जोरः

प्रशिक्षण में स्थानीय जनप्रतिनिधि, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजीविका से जुड़े अधिकारी, ग्राम स्तरीय कृषि व पशु सखी तथा प्रगतिशील किसानों को भी आमंत्रित किया जाएगा, ताकि अनुभव आधारित सीख को बढ़ावा मिल सके। आयुक्त ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि महिला कृषकों को वैज्ञानिक खेती, सरकारी योजनाओं और अनुदान प्रक्रियाओं से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। यह पहल महिलाओं को खेती में नेतृत्व देने के साथ ही सतत कृषि, जल संरक्षण और खाद्य सुरक्षा की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## धौलपुर में रोजगार मेले में उमड़ी युवाओं की भीड़

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार आयोजित युवा संबल रोजगार मेले ने जिले के युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान किए। जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मचकुंड रोड स्थित मेला ग्राउंड पर आयोजित इस मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को रोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और सरकार का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। मेले में पुखराज हेल्थ केयर प्रा.लि., उमोजा मार्केट प्लेस टेक प्रा.लि., एलएंडटी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, आइकोनिक ग्लास इंडस्ट्री, भोले बाबा मिल्क फूड इंडस्ट्री, जी4एस सिक्योरिटी, एनवीई सन्स प्रा.लि., आरईसीएल, आमधनी प्रा.लि. सहित विभिन्न कंपनियों ने भाग लेकर बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। कुल 1160 अभ्यर्थियों



ने मेले में पंजीयन कराया, जिनमें से 325 का प्रारंभिक चयन किया गया। विशेष रूप से एनवीई सन्स प्रा.लि. एवं आरईसीएल द्वारा 6 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन कर मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए, जिससे युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जिला रोजगार अधिकारी विकास कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए मेले के उद्देश्य और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन गोविन्द शर्मा ने किया। मेले में उपस्थित युवाओं ने इसे रोजगार के लिए एक सशक्त मंच बताते हुए ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की। प्रशासन ने भी भविष्य में इस तरह के और रोजगार मेले आयोजित करने का आश्वासन दिया।

## विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** 132 केवी जीएसएस मनिया पर 132 केवी मैन बस के जम्पर को इंटरकनेक्शन लाइन से जोड़ने के कारण 22 अप्रैल को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियन्ता 132 केवी जीएसएस मनिया आरके शर्मा ने बताया कि 132 केवी जीएसएस मनिया, मरैना, अम्बिका, राजाखेड़ा से निकलने वाले समस्त 33 केवी फीडरों की 22 अप्रैल को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## मुरलीपुरा जोन में खुले में कचरा डालते पाए जाने पर कार्रवाई

**जयपुर टाइम्स/जयपुर(कास)।** नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार व उपायुक्त मुरलीपुरा जोन पवन कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को न्यू आतिश मार्केट, लोहा मण्डी रोड़ माचेडा में खुले में कचरा डालते हुए पाए जाने पर दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई की गई। उपायुक्त मुरलीपुरा जोन पवन कुमार शर्मा ने बताया कि बार-बार स्थानीय निवासियों की ओर से शिकायत प्राप्त होने पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक नीलम शर्मा की टीम की ओर से न्यू आतिश मार्केट, लोहा मण्डी रोड़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर डम्पर कचरा व सी.एण्ड.डी वेस्ट खाली करते हुए पाए जाने पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक की टीम की ओर से 22 हजार रूपये कैरिंग चार्ज की वसूली की गई व भविष्य में कचरा नहीं डालने के लिए पाबंद किया गया।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम आदिल (AADIL) से बदलकर आदिल नेवरी (AADIL NEVRI) रख लिया है। भविष्य में मुझे आदिल नेवरी (AADIL NEVRI) नाम से ही जाना, पहचाना, पुकारा जाए।

**आदिल नेवरी पुत्र मोहम्मद मकसूद, जाति-बिसायती, निवासी-मदिना मस्जिद के पास, वार्ड न. 39, सुजानगढ (चुरू)**

## कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** कस्बे के नदी के पास स्थित श्री गोपाल भैया मंदिर में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। केशव सागर धर्मशाला से मंदिर तक निकाली गई विशाल कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथास्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। मंदिर महंत मोहनदास महाराज रामायणी ने बताया कि 21 अप्रैल से 29 अप्रैल तक आयोजित होने वाली इस श्रीराम कथा में कथाव्यास बाबूरामदास महाराज प्रतिदिन दोपहर सवा 12 बजे से सायं सवा 4 बजे तक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर प्रवचन देंगे।कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए। प्रागपुरा थानाधिकारी भजनाराम के निर्देशन में एएसआई धर्मेन्द्र,



सायरमल, कांस्टेबल मुकेश एवं हेड कांस्टेबल अनूप सहित पुलिस जाप्ता तैनात रहा। आयोजन का समापन 29 अप्रैल को होगा, जबकि 30 अप्रैल को हवन-पूजन, पूर्णाहुति, संत समागम व भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 25 अप्रैल को सायं 6 बजे से निःशुल्क सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी रखा गया है, जिसमें भाग लेने के लिए श्रद्धालु मंदिर में पंजीयन करवा सकते हैं।

## नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम ने की कार्रवाई

### 3 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 4 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार व पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की ओर से नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में सेक्टर-6 मालवीय नगर, निलय कुंज योजना जगतपुरा रोड़, अक्षयपात्र चौराहा, सांगानेर, वरूणपथ, किरणपथ सेक्टर-9 मानसरोवर व थड़ी मार्केट से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 3 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 4 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में सेक्टर-6 मालवीय नगर, निलय कुंज योजना जगतपुरा रोड़, अक्षयपात्र चैराहा, सांगानेर, वरूणपथ, किरणपथ सेक्टर-9 मानसरोवर व थड़ी मार्केट से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 4 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 3 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम ने मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## 66 लाख किसानों को कल मिलेगी सम्मान निधि की छठी किस्त, 665 करोड़ रुपए होंगे खातों में ट्रांसफर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राज्य के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की छठी किस्त जारी करेंगे। इस दौरान 66 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 665 करोड़ रुपए से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि इस अवसर पर जोधपुर के ओसियां में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित होगा, जहां से मुख्यमंत्री योजना की राशि जारी करेंगे। साथ ही जिला, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर भी कृषि विभाग के समन्वय से कार्यक्रम आयोजित कर किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक 5 किश्तों में प्रदेश के 71 लाख से अधिक किसान परिवारों को 2726 करोड़ रुपए से अधिक की राशि दी जा चुकी है। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य में 76 लाख से अधिक किसानों को 6 किश्तों में 9583 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए हैं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लागू इस योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को पीएम किसान योजना के अतिरिक्त 3000 रुपए सालाना दिए जा रहे हैं। इस प्रकार अब किसानों को कुल 9000 रुपए प्रति वर्ष सम्मान निधि के रूप में मिल रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिल रही है।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजगढ़, चूरू (राज0)

क्रमांक :– न.पा.रा./2026–27/07 दिनांक :– 13.04.2026

**– संशोधित निविदा सूचना –**

(NIB CODE – DLB2627A0528)

नगरपालिका राजगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य से सम्बन्धित समस्त संकर्म/सेवाओ श्रेणी के केन्द्र/राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मस्/सप्लायर्स से दिनांक 21.04.2026 को ऑफलाईन निविदा कॉपी आमंत्रित की जाती है। ऑफलाईन निविदा कॉपी दिनांक 21.04.2026 को 12:00 तक विक्रय की जाकर उसी दिन दोपहर 03:00 बजे तक प्राप्त की जावेगी। तथा प्राप्त निविदाए दिनांक 22.04.2026 को सायं 04:00 बजे उपस्थित संवेदको के समक्ष खोली जावेगी। निविदा से संबंधित शर्ते एवं विस्तृत विवरण निम्न विवरणानुसार इंटरनेट साईट पर http://sppp.rajasthan.gov.in व कार्यालय मे कार्यालय समय पर भी देखी जा सकती है।

| S.No. | Tender UBN/NIB Number |
|---|---|
| 1 | (DLB2627WSOB01628), (DLB2627WSOB01630), (DLB2627WSOB01631), (DLB2627WSOB01634), (DLB2627WSOB01635), (DLB2627WSOB01636), (DLB2627WSOB01637), (DLB2627WSOB01638), (DLB2627WSOB01639), (DLB2627WSOB01641), (DLB2627WSOB01643), (DLB2627WSOB01645), (DLB2627WSOB01647), (DLB2627WSOB01649), (DLB2627WSOB01650), (DLB2627WSOB01651), (DLB2627WSOB01652), (DLB2627WSOB01653), (DLB2627WSOB01654), (DLB2627WSOB01655) |

राज.संवाद/सी/26/1151

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका राजगढ़

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0

क्रमांक :- नपाबी/2026-27/84 दिनांक :- 16/04/2026

**निविदा सूचना**

पंजीकृत एवं अधिकृत सामग्री विक्रेताओं, ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए निम्न कार्यो की दरे निर्धारित हेतु निविदाएं आमंत्रित करती है। इच्छुक निविदादात्ता दोपहर 12 बजे तक निविदा पत्र प्राप्त कर अपनी दरे बन्द लिफाफे में कार्य के सम्मुख अंकित तिथियों को सायं 1 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त निविदाएं उसी दिन सायं 04.30 बजे उपस्थित निविदादात्ताओ के समक्ष खोली जावेगी। उक्त निविदा सूचना राज्य लोक उपापन पोर्टल **(http://sppp.rajasthan.gov.in)** पर देखी जा सकती है। **UBN : DLB2627SSOB01768, 1769, 1770, 1772, 1773, 1774, 1775, 1776, 1777, 1778, 1779, 1780, 1781, 1782, 1783**

राज.संवाद/सी/26/1196 अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय नगरपालिका रतननगर (चूरू)
फोन नं. - 01562-281224, ईमेल - mun_rnagar@yahoo.in

Date :- 15/04/2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for of tarbandi and pump work invited from interested bidders up to 02:00 PM 23-04-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://sppp.raj.nic.in)** of the state official website.

**UBN is: DLB2627WSRC01745**

Raj.Samwad/C/26/1213 Executive Officer

कार्यालय नगरपालिका रतननगर (चूरू)
फोन नं. - 01562-281224, ईमेल - mun_rnagar@yahoo.in

Date :- 16/04/2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for of STREET LIGHT RATE CONTRACT (ARC) work invited from interested bidders up to 01:00 PM 23-04-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://sppp.raj.nic.in)** of the state official website.

**UBN is: DLB2627SIRC01869**

Raj.Samwad/C/26/1222 Executive Officer

# रतनगढ़ में भीषण गर्मी का कहर, तापमान 39 डिग्री पार; दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा




जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है। सोमवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया, जिससे जनजीवन प्रभावित होता नजर आया। झुलसाने वाली धूप और हीटवेव की आशंका के चलते दोपहर के समय शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और आवागमन में भी कमी देखने को मिली। तेज धूप से बचने के लिए लोग घरों से बाहर निकलते समय छाता, तौलिया या सिर ढककर निकलते नजर आए। अधिकांश लोग अपने जरूरी काम सुबह 12 बजे से पहले ही निपटाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि दोपहर की तेज गर्मी से बचा जा सके। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। शहर में आइसक्रीम, जूस और ठंडे पानी की मांग बढ़ गई है। वहीं भीषण गर्मी का असर सार्वजनिक परिवहन पर भी देखने को मिल रहा है। बसों और ट्रेनों में यात्रियों की संख्या में कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे तक तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जिससे आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

# करंट की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर घायल

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील क्षेत्र के गांव आनंदवासी में करंट की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर घायल हो गया। पक्षी मित्रों ने घायल मोर को निजी वाहन के सहयोग से सरदारशहर के वन विभाग कार्यालय पहुंचाया। जहां पर वन विभाग टीम ने डॉक्टरों की मदद से घायल मोर का उपचार शुरू किया। समाजसेवी एवं मास्टर तोलाराम गौड़ ने बताया कि आनंदवासी गांव में करंट की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी एक मोर घायल हो गया था। मुझे गांव को लोगों ने सूचना दी तो वन विभाग के कार्यालय में संपर्क किया गया और घायल मोर को वन विभाग पहुंचाया गया। पक्षी मित्र किशनलाल सेन, राजेश सेन, नारायण शर्मा, मुकेश शर्मा आदि ने घायल मोर को वन विभाग पहुंचने में सहयोग किया।

# पदोन्नति पर शिक्षकों का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** नानीबाई जैपुरिया राबाउमावि, मण्डावा में मंगलवार को टीचर कमला चौधरी के विशेष हिन्दी व राजनीति विज्ञान और आरपी सिंह इतिहास विषय के व्याख्याता पद पर प्रमोशन होने के उपलक्ष में प्रधानाचार्या उर्मिला कुमारी की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या अरूणा अरड़ावतिया, मन्जू जाखड़ कमला, सुप्यार कंवर सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट का विद्यार्थियों ने किया भ्रमण



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** आरयूआईडीपी की ओर से विद्यार्थियों को सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट का निरीक्षण करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को निजी आईटीआई के निदेशक महेश भामू के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट का भ्रमण किया। एलएंडटी कंपनी के इंजीनियर सौमेन बेरा, विष्णु स्वामी व कार्तिक ने विद्यार्थियों को सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट की जानकारी देते हुए बताया कि सीवरेज योजना के माध्यम से जो गंदगी प्लांट पर आती है, वहां चार फैज से गुजर कर मुख्य जगह पहुंचती है। गंदगी में ऑक्सिजन छोड़कर बेक्टिरियां को जिंदा रखा जाता है, जिससे सलज नीचे बैठ जाती है और लास्ट फैज में क्लोरिन द्वारा पानी का साफ किया जाता है और यह पानी किसानों के लिए खेत में सिंचाई में काम आता है तथा अवशेष के रूप में जो खाद रह जाती है, वो खेतों के लिए काफी उपजाऊ होती है। इसके अलावा विद्यार्थियों को ट्रिटमेंट प्लांट की विस्तृत जानकारी देते हुए उनका ज्ञानवर्धन किया गया। इस मौके पर छोटू सैनी, रितिक गोयल, सुमित कुमार, अमित कुमार, आरयूआईडीपी के जनसहभागिता इकाई के प्रवीणसिंह राठौड़ सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# परिंडा अभियान: मूक पक्षियों की प्यास बुझाने को विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ मूक पक्षियों के लिए दाने-पानी के संकट को देखते हुए श्री करणी कृपा स्कूल, मण्डावा में मंगलवार को 'परिंडा अभियान' की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को जीव सेवा का संकल्प दिलाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। स्कूल निदेशक गणेश सिंह शेखावत ने विद्यार्थियों व अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने घरों, बालकनी, छतों व पेड़ों पर पक्षियों के लिए परिंडे अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि परिंडा लगाना केवल एक कार्य नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और मानवीय संवेदना का प्रतीक है। छोटा सा प्रयास भी बेजुबान पक्षियों की जान बचा सकता है। कार्यक्रम में एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. दिशांत ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि संवेदनशील इंसान बनना है। गर्मी के मौसम में जल स्रोत सूखने से पक्षियों को भारी परेशानी होती है, ऐसे में परिंडा बांधना सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी से अपने घर पर कम से कम एक परिंडा लगाने और उसमें नियमित पानी भरने की जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में पेड़ों पर परिंडे बांधकर उनमें पानी भरा गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक संकल्प लिया कि वे अपने घरों के साथ-साथ आसपास के लोगों को भी इस अभियान से जोड़ेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# थान सुथान में तप अनुमोदना कार्यक्रम में तपस्वी बहनों का सम्मान

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** थान सुथान में गुरुवार को अक्षय तृतीया पर्व के अवसर पर महातपस्वी आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या एवं समाधि केंद्र व्यवस्थापिका साध्वी मंजुयशा के सान्निध्य में भव्य तप अनुमोदना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वर्षीतप कर रही अंजुदेवी नाहर, सरोजदेवी बांठिया, स्नेहलता समदरिया व प्रभादेवी भंसाली का विशेष सम्मान किया गया। इनमें किसी का पहला, किसी का दूसरा तो किसी का चौथा वर्षीतप पूर्ण होने जा रहा है। कार्यक्रम में तपस्वी बहनों के पारिवारिक सदस्य विभिन्न क्षेत्रों से उपस्थित होकर उनकी तपस्या की अनुमोदना में सहभागी बने। कार्यक्रम की शुरुआत साध्वी मंडल की ओर से '? ऋषभाय नमः' की मंगल स्तुति के मधुर संगान से हुई, जिससे वातावरण आध्यात्मिक भावनाओं से ओतप्रोत हो गया। तेरापंथ सभा अध्यक्ष संपतमल वेद ने तपस्वी बहनों के प्रति मंगलकामनाएं व्यक्त करते हुए उनके त्याग, तप और साधना की सराहना की। साध्वी मंजुयशा ने अपने प्रवचन में अक्षय तृतीया के आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव से जुड़ा हुआ है। उन्होंने भगवान ऋषभदेव के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने मानव समाज को असि, मसि और कृषि का ज्ञान देकर सभ्यता और संस्कृति की नींव रखी। साथ ही वर्ष भर की कठोर तपस्या के बाद अक्षय तृतीया के दिन इक्षुरस से पारणा होने की परंपरा का भी विस्तार से वर्णन किया। कार्यक्रम में साध्वी कुलप्रभा, रमावती, जयन्तयशा, इंदुप्रभा, तीर्थप्रभा व मानसप्रभा ने गीत, कविता और प्रवचनों के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किए। वहीं युवक परिषद, महिला मंडल, अणुव्रत समिति सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी उपस्थित रहकर तपस्वी बहनों की अनुमोदना की। युवती मंडल व ज्ञानशाला के बच्चों की ओर से भगवान ऋषभदेव के जीवन पर आधारित झांकी की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में तेरापंथ सभा की ओर से तपस्वी बहनों का मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। साध्वी चिन्मयप्रभा के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम का समापन मंगल पाठ के साथ हुआ। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

# भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर अष्ट दिवसीय सेवा कार्यक्रमों का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में विप्र फाउंडेशन की ओर से भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित अष्ट दिवसीय सेवा कार्यक्रमों के अंतर्गत मंगलवार को सूरज विहार में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण व प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन तहसील अध्यक्ष वैद्य महेन्द्र शर्मा ने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु में विप्र फाउंडेशन की ओर से पूरे जिले में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने प्लास्टिक हटाओ, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए सभी सामाजिक संगठनों एवं युवाओं से अधिकाधिक संख्या में जुड़ने की अपील की।कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील मिश्र, तहसील महामंत्री राजकुमार गौड़, तहसील उपाध्यक्ष रामगोपाल जोशी, कृष्ण कुमार सारस्वत, शुभम शर्मा, सौरभ शर्मा एवं पंडित कैलाश चौमाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी क्रम में विप्र फाउंडेशन द्वारा सेवा बस्ती स्थित विद्यालय में बालक-बालिकाओं को फल वितरित किए गए तथा आदर्श संवाद के माध्यम से उन्हें सुभाषित एवं अमृत वचनों का पाठ करवाया गया। बच्चों को नैतिक शिक्षा एवं संस्कारों का महत्व भी बताया गया। इसके अतिरिक्त श्री कृष्ण गौशाला में गौसेवक श्रमिकों एवं सफाई कर्मियों को भी फल वितरण कर सेवा भावना का परिचय दिया गया। विप्र फाउंडेशन द्वारा आयोजित इन सेवा कार्यों की समाज में सराहना की जा रही है तथा यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण एवं सेवा संस्कारों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** तालुका विधिक सेवा समिति, सुजानगढ़ की ओर से राज्यव्यापी विशेष जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को नाथोतााब स्थित एक निजी स्कूल में एडीजे न्यायाधीश महेंद्र प्रजापत भाटी की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। एडीजे महेंद्र प्रताप भाटी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि साइबर क्राइम के प्रति पूर्ण जागरूकता जरूरी है। हर क्लिक करने से पहले सोचें, क्योंकि ओन लाईन रिकॉर्ड हमेशा के लिए बन जाता है, किसी की फर्जी आईडी बनाना, कुछ भी एडिट करके वीडियो बनाना, पिछा करना सब साइबर अपराध हैं। डरें नहीं जागरूक रहें सिस्टम हमेशा साइबर अपराध से पीड़ित के साथ है। भाटी ने कहा कि बाल विवाह अपराध है, उसमें किसी भी प्रकार से सहयोगी नहीं बनें। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम भामा ने की। विशिष्ट अतिथि सुश्री वंदना कंवर, एडवोकेट श्याम सुंदर खंडेलवाल, श्रीमती संतोष सोनी, पुष्पा शेखावत, उप प्रधानाचार्या मंचासीन रही। संचालन पीएलवी विजय पाल श्योराण ने किया। इसी प्रकार गांधी बालिका में साइबर क्राइम जागरूकता प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसीजेएम विकास गजराज ने अध्यक्षता की। प्रधानाचार्य ललिता भोजक के सानिध्य में कार्यक्रम को आयोजित किया गया। विकास गजराज ने साइबर क्राइम के तमाम अवगुण को बताते हुए समाज में युवा पीढ़ी में साइबर क्राइम के बढ़ते प्रभाव और मानव मानसिकता सिकुड़ने लगी और हमें विद्यार्थी जीवन में सोशल आईडी से दूरी बनाकर चलनी चाहिए, ताकि हम अधिक से अधिक समय अपने अध्ययन और पुस्तकों को दे सकें। कार्यक्रम में एडवोकेट रजनीकांत सोनी, बसंत खेतान, पीएलवी मयंक त्रिवेदी आदि ने विचार प्रकट किया। कार्यक्रम में हेमलता भार्गव, रानी जैन, ममता दुग्गड, ममता शर्मा, दिशा समरिया, पूजा स्वामी आदि मौजूद रहे।

# विविध जागरूक अभियान: विद्यार्थियों को किया जागरूक

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू व तालुका अध्यक्ष डॉ नरेंद्र सिंह राठौड़ के निर्देशन में सरदारशहर तालुका स्तर पर अभियान के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत विद्यार्थियों को साइबर अपराध, फर्जी तस्वीरों के दुरुपयोग और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही इंटरनेट पर की गई प्रत्येक गतिविधि के प्रभावों के बारे में बताते हुए युवाओं को साइबर बुलिंग व ऑनलाइन गेम्स से सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत अन्य नियुक्त पीएलवी व निर्मला राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पुलासर, रजत शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जयसंगसर, रोशनी गुगड़ सरदार भगत सिंह शिक्षण संस्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय, नेहा चौहान पीएमश्री गिरधारी लाल शिवनारायण टांटिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, मंजू बारूपाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बायला, कार्यक्रम के दौरान कोर्ट वाली दीदी जैसी अभिनव पहल की जानकारी भी दी गई। जिसके माध्यम से छात्र-छात्राएं अपनी व्यक्तिगत समस्याएं जैसे स्कूल में बदमाशी, भेदभाव या मानसिक, शारीरिक तनाव को गोपनीय रूप से साझा कर सकेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पीयर प्रेशर से बचाना, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा उन्हें जागरूक व जिम्मेदार नागरिक बनाना है।

# नागणेचा व करणी माता का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** सदीनसर क्षेत्र के सदीनसर गांव में आज से भक्ति और शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। यहाँ राठौड़ों की कुलदेवी श्री मातेश्वरी नागणच्या मां व इष्टदेवी करणी माँ के भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शंखनाद आज सुबह 8:15 बजे निकलने वाली भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। श्री करणी सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस ऐतिहासिक महोत्सव के लिए पूरे मंदिर परिसर को केसरिया ध्वजाओं और रोशनी से विशेष रूप से सजाया गया है।

## देशनोक से आए पुजारी कराएंगे मुख्य अनुष्ठान:

इस महोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि विश्व प्रसिद्ध देशनोक करणी माता मंदिर के पुजारी विशेष रूप से अनुष्ठान संपन्न कराने सदीनसर पधारे हैं। उन्हीं के सानिध्य में कलश यात्रा के बाद दोपहर 12:15 बजे विधि-विधान से मण्डप पूजन व हवन शुरू होगा। महोत्सव के दौरान नवनिर्मित विश्राम गृह व जल मंदिर का लोकार्पण भी किया जाएगा।

## शोभायात्रा और भजन संध्या कल:

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, महोत्सव के दूसरे दिन 23 अप्रैल को दोपहर 3:15 बजे मां की भव्य नगर परिक्रमा व शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसी दिन रात्रि 9:15 बजे से विशाल भजन संध्या व रात्रि जागरण होगा, जिसमें देशनोक मंदिर के भजन गायक भजनों की अमृत वर्षा करेंगे।

## 24 अप्रैल को होगी प्राण प्रतिष्ठा व भंडारा:

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 24 अप्रैल को सुबह 8:15 बजे शुभ मुहूर्त में देशनोक के पुजारियों की ओर से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके पश्चात दोपहर 12:15 बजे यज्ञ की पूर्णाहुति होगी और महाप्रसाद (भंडारा) आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर सदीनसर सहित आसपास के गांवों में भारी उत्साह है।

# बीकमसरा में पेयजल संकट, एसडीएम को ज्ञापन देकर लगाई गुहार

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम बीकमसरा में गर्मी शुरू होने के साथ ही पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों ने एसडीएम रामकुमार वर्मा को ज्ञापन देकर पानी की समस्या के समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि गांव के अंदर बने ट्यूबवेल में पानी का स्तर बहुत नीचे चला गया है। जिसके कारण ग्रामीण पिछले कई सालों से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि नहर के पानी की सप्लाई से गांव को अगर जोड़ दिया जाए तो पानी की समस्याओं से ग्रामीणों को राहत मिल सकती है। मीठे पानी की गांव में व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीणों को पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांव में यह समस्या गर्मियों के मौसम में और गंभीर हो जाती है। बूंद बूंद पानी के लिए ग्रामीणों को तरसना पड़ता है। ग्रामीणों ने जल्द ही समस्या के समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीणों की ओर से आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में देवनाथ सिद्ध, धनपत मेघवाल, हेमाराम मेघवाल, रामकुमार मेघवाल, इन्द्रनाथ सिद्ध, कानाराम हुड्डा, पवन कुमार, गोविंद राम, लेखराम बिजवा, नरेश खुड़ीवाल, बनवारीलाल खुड़ीवाल, सुरेश कुमार, डूंगराराम मेघवाल, चन्दनमल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एनडीपीएस के आरोपी को साढ़े तीन साल का कारावास

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के अपर जिला व सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने तारानगर थाने में एनडीपीएस एक्ट में दर्ज लगभग 9 वर्ष पुराने मामले में हिमाचल प्रदेश के धर्मपुर निवासी अभियुक्त प्रवीण कुमार पुत्र बुधराम को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15, 29 में दोषी मनाते हुए 3 साल 6 माह के साधारण कारावास से दण्डित किया व 5 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दण्डित किया है, अर्थदण्ड जमा नहीं कराने पर आरोपी को 3 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक पंकज कुमार स्वामी ने पैरवी की।

# चेक बाउंस मामले में आरोपी को 1 साल की सजा

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीप सिंह की अदालत ने चेक अनादरण के एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी को एक वर्ष के साधारण कारावास एवं 12 लाख रुपये के प्रतिकर से दंडित किया है। प्रकरण के अनुसार सिद्धमुख तहसील के गांव दयावठ निवासी रतनलाल पुत्र मुंशीराम के खिलाफ उसी गांव के सुनील कुमार ने 9 लाख 65 हजार रुपये के चेक अनादरण का मामला दर्ज कराया था। मामले में दोनों पक्षों की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों एवं दलीलों पर विचार करने के बाद न्यायालय ने आरोपी रतनलाल को दोषी ठहराया। न्यायालय ने आरोपी को एक वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाते हुए परिवादी को 12 लाख रुपये प्रतिकर के रूप में अदा करने के आदेश दिए। परिवादी सुनील कुमार की ओर से अधिवक्ता जीताराम शर्मा (पंडरेऊ टिब्बा) ने पैरवी की।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू**

क्रमांक :- 217-238 दिनांक :- 21/04/2026

**एकल स्त्रोत उपापन निविदा सूचना संख्या : 01/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों (जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो ) / विशिष्ट सेवा प्रदाताओं / विशिष्ट आपूर्तिकर्ताओं से निर्धारित प्रपत्र में टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा एकल स्त्रोत उपापन निविदा आमंत्रित की जाती है ।

NIB No.- PWD2627A0194

| S.No. | UBN NO. |
|---|---|
| 1. | PWD2627WSOB00838 |

**(ऋतिक सांखला)**
**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड चूरू**

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
22 अप्रैल, 2026

# बार काउसिल ऑफ राजस्थान के चुनाव आज

## जालोर में 448 अधिवक्ता कर सकेंगे मतदान



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** बार काउसिल ऑफ राजस्थान के चुनाव 22 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक होंगे। मंगलवार को चुनाव में नियुक्त पर्यवेक्षक जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज ने चुनाव की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त चुनाव अधिकारी रमेश सोलंकी से चर्चा की। मतदान केन्द्र का निरीक्षण करते समय न्यायालय की ओर से नियुक्त भुपेश व्यास प्रोटोकॉल अधिकारी, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष खसाराम परिहार, उपाध्यक्ष अशोक माली, प्रवीण चोहान, गोकुलराम, पदमसिंह, अनिल पंडत, सुरेन्द्र चोहान व अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। पर्यवेक्षक ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यह चुनाव महत्वपूर्ण हैं इसमें सभी अधिवक्ता भाग लेकर अपने मत का उपयोग करें। अतिरिक्त चुनाव अधिकारी रमेश सोलंकी ने बताया कि जालोर अभिभाषक संघ में 448 अधिवक्ता मतदाता हैं। चुनाव से संबंधित तैयारियों के बारे में सम्पूर्ण जानकारियां दी। पर्यवेक्षक सम्पूर्ण तैयारियों का अवलोकन किया और संतोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए छाया व पानी की भी व्यवस्था की जाए और सुरक्षा को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

# जालोर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की गोसेवा



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जालोर में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एम. डी चोपदार के जन्मदिन पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। जालोर जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष जाकिर खान रंगरेज के नेतृत्व में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एम. डि. चोपदार के जन्मदिन के उपलक्ष पर जिला कांग्रेस कार्यालय में केक काटकर व गोशाला में गायों को हरा चारा गुड़ खिलाया। साथ ही दारुल उलम मदरसा वाडिया में बच्चों को तालिमी किताबें व मिठाई वितरण प्रदेश अध्यक्ष एम. डी. चोपदार का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जुल्फिकार अली भुट्टो, पार्षद लक्ष्मणसिंह साखला, पार्षद दिनेश कुमार, एडवोकेट रजब खान खोखर, जावेद हनीफ खान, आमीन मोयला, रईस खान लुहार, रजाक खान मोयला सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर अनुपम तिवारी 'मिक्की' का धौलपुर में भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** विप्र फाउंडेशन के नव नियुक्त युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुपम तिवारी 'मिक्की' के अपने गृह जिले धौलपुर आगमन पर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जयपुर से लौटते समय केथरी टोल पर सैकड़ों युवाओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। केथरी निवासी पिंटू बोहरे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा एकत्रित हुए और फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा और युवाओं में जबरदस्त जोश नजर आया। पिंटू बोहरे ने कहा कि धौलपुर जिले के लिए यह गर्व का विषय है कि यहां का एक युवा प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि अनुपम तिवारी के नेतृत्व में समाज को नई दिशा मिलेगी और वे जिले का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर मौजूद युवाओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वे समाज सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगे।

# ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे कार्यक्रम के तहत कांबा में शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स




**जालोर(निस)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में चलाए जा रहे ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे कार्यक्रम के तहत मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कांबा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला व सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रोनिक गेजेट मोबाइल, लेपटॉप, डेस्कटॉप हम सब के लिए विस्फोटक के समान है इसलिए हमें इनके उपयोग के दौरान बहुत अधिक सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मोबाइल, लेपटॉप, आईपेड या कम्प्यूटर पर इंटरनेट का उपयोग करते समय किसी अनजान लिंक पर हमें क्लिक नहीं करना चाहिए। पूरी जांच पड़ताल के बाद ही हमें किसी लिंक पर क्लिक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें किसी भी लिंक पर क्लिक करने से पहले सोचना चाहिए। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए इनका उपयोग करते समय बहुत अधिक सावधानी बरतने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का उपयोग करने के दौरान क्लिक करने से पहले सोचना चाहिए विचार करना करना चाहिए क्योंकि इंटरनेट सब कुछ याद रखता है। इस दौरान उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली के बारे में भी बताया। उन्होंने 9 मई को आयोजित हेने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी विस्तार से बताया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय में सुझाव पेटिका लगाई गई और विद्यार्थियों को अपनी समस्या और आवश्यक सुझाव देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान एलएडीसी असिस्टेंट भीमसिंह भीमावत ने बाल विवाह के दुष्परिणाम, आशा योजना, निशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों की ओर से अधिकार मित्र देवाराम के नेतृत्व में रैली का आयोजन किया गया। यह रैली गांव के विभिन्न मोहल्लों से होकर गुजरी। रैली में लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में लोगों को जागरूक किया। साइबर अपराध के बार में भी जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यवाहक प्रधानाचार्य भोपालसिंह सोलंकी, रूपेश शर्मा, चंपालाल, भंवरलाल, अशोक शर्मा आदि मौजूद रहे।

**एमआर होम का किया निरीक्षण**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने आहोर में संचालित हो रहे मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए बालकों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाए। बच्चों के खान पान पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने गर्मी से बचाव के लिए बच्चों के शयन कक्ष में पर्याप्त मात्रा में कूलर, पंखें आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए व समय समय पर स्वास्थ्य की जांच करवाने के निर्देश दिए।

# लू-तापघात के प्रभावी प्रबंधन को लेकर डिप्टी सीएमएचओ डॉ वीरेंद्र हमथानी ने स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण

## आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता और बेहतर प्रबंधन के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिले में बढ़ती गर्मी व लू-तापघात की संभावित परिस्थितियों के मद्देनज़र उप मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीरेंद्र हमथानी ने बागरा, जसवंतपुरा, पावटी चांदूर व बूगांव स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ. हमथानी ने निर्देशित किया कि लू-तापघात प्रभावित मरीजों के लिए पृथक बेड आरक्षित रखे जाएं तथा आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयों व चिकित्सा सामग्री की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही औआरएस, आईवी फ्लूड, शीतल पेयजल, कूलिंग व्यवस्थाएं एवं प्राथमिक उपचार संसाधन पूर्ण रूप से क्रियाशील रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने चिकित्सा कार्मिकों को हीट स्ट्रोक के लक्षणों की शीघ्र पहचान कर तत्काल उपचार प्रारंभ करने एवं गंभीर मरीजों को समयबद्ध तरीके से उच्च संस्थान पर रेफर करने के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया। प्रतिदिन ऑनलाइन पोर्टल पर रिपोर्टिंग के लिए निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एनटीईपी, एनसीडी, एनबीडीसीपी समेत अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के रिकॉर्ड का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित कार्मिकों को रिकॉर्ड संधारण अद्यतन, सुव्यवस्थित व पारदर्शी रखने के निर्देश देते हुए कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। डॉ. हमथानी ने स्वास्थ्य कार्मिकों को लू-तापघात से संबंधित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग करने व जन जागरूकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिमन्यु सिंह, लैब तकनिशियन कृष्णपाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

# योगेश्वरी वरूणाची माता का पाटोत्सव 11 मई को

जयपुर टाइम्स



**भीनमाल(निस)।** स्थानीय तलबी रोड स्थित योगेश्वरी वरूणाची मंदिर का 27 वां पाटोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। योगेश्वरी वरूणाची मंदिर समिति के सचिव अनिल व्यास ने बताया कि श्रीमाली ब्राह्मण के सनकस व काश्यप दो गोत्रीय श्रीमाली ब्राह्मणों की कुलदेवी योगेश्वरी वरूणाची मंदिर के पाटोत्सव को लेकर जोरदार तैयारियां हो रही है, सचिव व्यास ने बताया कि आज पाटोत्सव की आमंत्रण पत्रिका लिखने और व्यवस्थाओं के लिए मंदिर प्रांगण में बैठक रखी गई। सर्व प्रथम गणपति व कुलदेवी को पत्रिका लिखकर शुरुआत की गई। सचिव ने बताया कि प्रथम ज्येष्ठ कृष्ण अष्टमी, रविवार 10 मई को मंदिर परिसर में रात्रि को भजन संध्या व माता के सुकड़ी गूगरी की प्रसादी के साथ रातीजगा किया जाएगा। योगेश्वरी वरूणाची मंदिर पाटोत्सव निमित्त प्रथम ज्येष्ठ कृष्ण नवमी, सोमवार 11 मई को शुभ मुहूर्त में व्यास परिवार की ओर से मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई जाएगी और मुख्य यजमान की ओर से विश्व कल्याण के लिए 11 विद्वान ब्राह्मणों की ओर से नवचंडी यज्ञ किया जाएगा, सचिव व्यास ने बताया कि दोपहर 3 बजे राजस्थान गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश व महाराष्ट्र आदि से पधारें सनकस तथा काश्यप गोत्रीय श्रीमाली ब्राह्मणों के बीच में अगले वर्ष के चढ़ावे, सत्कार सम्मान व महाप्रसादी आदि कार्यक्रम किए जाएंगे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रामचंद्र त्रिवेदी, प्यारेलाल व्यास, जयंतीलाल त्रिवेदी, महेंद्र व्यास, जितेन्द्र त्रिवेदी, मुकेश व्यास, पुजारी विशाल दवे, भगवती प्रसाद व्यास, प्रदीप त्रिवेदी आदि गोत्रीय बंधु उपस्थित रहे।

# जैन समाज की बैठक में सगाई संबंध बढ़ाने पर जोर, परिणय एप को और सशक्त बनाने की तैयारी

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैसवाल जैन उपरोचियां समाज की सेवाभावी संस्था 'अविवाहित प्रतिभाएं प्रस्तुति समूह' की समीक्षा बैठक स्थानीय जैन धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक में समाज के अविवाहित युवक-युवतियों के अधिक से अधिक सगाई संबंध तय कराने पर विशेष विचार-विमर्श किया गया।

बैठक का संचालन राष्ट्रीय संयोजक अजय जैन (शिवपुरी), रविन्द्र जैन (भोपाल), सुदीप जैन एवं रूपेश जैन के निर्देशन में हुआ। वक्ताओं ने समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक मंच पर लाकर उनके रिश्ते तय कराने के प्रयासों को और गति देने पर जोर दिया।

राष्ट्रीय संयोजक रूपेश जैन ने बताया कि 'जैसवाल जैन परिणय एप' समाज में रिश्तों के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसे जल्द ही नए फीचर्स और बेहतर स्वरूप के साथ अपडेट किया जाएगा। वहीं रविन्द्र जैन ने कहा कि यह संस्था पूरे भारत में समाज के अविवाहित युवक-युवतियों का परिचय संकलित कर अभिभावकों को एक सशक्त प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराती है, जिससे रिश्ते तय करने में सुविधा होती है।

बैठक में आगामी अधिवेशन की रूपरेखा एवं संस्था की भविष्य की गतिविधियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही अधिकाधिक संख्या में सगाई संबंध तय कराने के लिए कार्ययोजना बनाने पर सहमति बनी।

इस अवसर पर धौलपुर शैली के स्थानीय संयोजक मानकचन्द जैन, दिनेश जैन, राजकुमार जैन, हरविंदर जैन, दिलीप जैन, संजय जैन, पवन जैन, अमित जैन, धर्मेन्द्र जैन, धनेश जैन, डॉ एस के जैन, सतीश चंद्र जैन, नितिन जैन, नरेश जैन, कमल किशोर जैन, सुबोध कुमार जैन, राजकुमार मनियां, वीरेंद्र जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# रमेश जैन बने रोटरी क्लब जालोर के अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** रोटरी क्लब जालोर की ओर से क्लब का 32 वॉ चार्टर-डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी पूर्व अध्यक्षों ने क्लब सदस्यों के साथ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संयुक्त रूप से दीप जलाकर व केक काटकर विश्वशांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व प्रांतपाल रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3055 रो. मोहन पाराशर ने कहा कि मानवता की सेवा ही रोटरी का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने क्लब में नए युवाओं को जोड़ने पर बल देते हुए कहा कि युवाओं को आगे लाने होगा। रोटरी जैसे संगठन के माध्यम से काम करने से सम्मानजनक जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान क्लब सदस्यों की ओर से रोटरी फाउंडेशन मुहिम के तहत मानवता की सेवा लिए रोटरी फाउंडेशन में सहयोग देने के लिए घोषणा की गयी ताकि रोटरी फाउंडेशन की ओर से चलाए जा रहे प्रोजेक्ट निरंतर चलते रहे। चार्टर सदस्यों को, जो स्थापना दिवस से ही संगठन का हिस्सा रहे हैं, चार्टर डे के कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। चार्टर मेम्बर रोटरियन पूर्व डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष नंदकिशोर जैथलिया ने कहा कि 'अपने पेशेवर कर्तव्यों के अलावा आम जनता के कल्याण के प्रति रोटरी क्लब ऑफ जालोर और उसके सदस्यों की भूमिका सराहनीय है। कार्यक्रम के दौरान रोटेरियन रमेश जैन को आगामी वर्ष के लिए क्लब अध्यक्ष व रोटेरियन हितेश प्रजापत को क्लब सेक्रेटरी मनोनीत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए क्लब के नव मनोनीत अध्यक्ष रमेश जैन ने क्लब के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण, चिकित्सा, शिक्षा, साक्षरता के क्षेत्र में रोटरी की ओर से किए गए कार्यों से रोटरी सेवा का पर्याय बन चुका है। आगामी वर्ष में हम सभी सदस्य टीम के रूप में कार्य करते हुए इन सेवा संकल्पों को आगे बढ़ाते हुए क्लब को डिस्ट्रिक्ट में नई ऊँचाइयाँ प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सचिव मंजू चौधरी, रचना जेथलिया, पूर्व अध्यक्ष सपना बजाज, डॉ.पवन ओझा, संजय कुमार, शीला चौधरी, ओम चौधरी, परमानंद भट्ट, सीए जीशान अली सहित रोटरी क्लब जालोर के सभी सदस्य उपस्थित रहें।

# साइबर अपराध रोकने को पुलिस-बैंकों का समन्वय मजबूत, जागरूकता और सुरक्षा बढ़ाने पर जोर

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर नियंत्रण एवं बैंक खातों के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से पुलिस और विभिन्न बैंकों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में साइबर जागरूकता बढ़ाने, संदिग्ध लेन-देन पर निगरानी तथा बैंक व एटीएम सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत मंथन हुआ। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन में वृताधिकारी धौलपुर कृष्ण राज जांगिड ने अपने कार्यालय में यह बैठक ली। इसमें सार्वजनिक व निजी बैंकों के प्रबंधक, अधिकारी तथा साइबर थाना स्टाफ मौजूद रहे। सीओ कृष्ण राज जांगिड ने कहा कि साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस और बैंकों के बीच मजबूत व सतत समन्वय बेहद जरूरी है। उन्होंने बैंकिंग धोखाधड़ी, ऑनलाइन फ्रॉड, संदिग्ध ट्रांजेक्शन, एटीएम सुरक्षा एवं बैंक शाखाओं में सुरक्षा मानकों के पालन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। साथ ही निर्देश दिए कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या साइबर फ्रॉड की सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। बैठक में बैंकों से ग्राहकों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति लगातार जागरूक करने तथा सीसीटीवी कैमरों की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपेक्षा जताई गई। अधिकारियों ने जिले में घटित साइबर अपराधों की समीक्षा करते हुए कहा कि सूचना साझा करने में तेजी लाने से जालसाजों पर शीघ्र कार्रवाई संभव होगी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आमजन की मेहनत की कमाई को सुरक्षित रखने के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं और आगे भी बैंकों के साथ समन्वय बनाकर कार्रवाई जारी रहेगी। बैठक में पुलिस व बैंक अधिकारियों ने आपसी सहयोग को और मजबूत बनाने पर सहमति जताई।

# कोबल्स व्यापार में आ रही समस्याओं के निदान की मांग

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** कोबल्स व्यापारियों ने कोबल्स व्यापार में आ रही समस्याओं के निदान के लिए बिजौलियां खनि अभियन्ता को ज़ापन सौंपा।ज़ापन में बताया कि पिछले 15 वर्षों से वेस्टेज पत्थर (खंडा) एकत्रित कर कोबल्स बनवाई जा रही हैं।खनिज विभाग के रॉयल्टी कर्मचारियों की ओर से कोबल्स व्यापारियों को कुछ दिनों से खंडा पत्थर की रॉयल्टी काटने के लिए कहा जा रहा हैं। उक्त खंडा पत्थर कोबल्स पर पूर्व में रॉयल्टी नहीं काटी जा रही थी किन्तु कुछ समय से विभाग के कर्मचारियो की ओर से कोबल्स के पत्वरो पर रॉयल्टी की मांग की जा रही हैं। जबकि खंडा पत्थर की रॉयल्टी प्रति टन राशि 40/- रूपये हैं जबकि कोबल्स व्यापारी उक्त खंडा पत्थर का पूर्ण रूप से विनिर्माण करने के पश्चात उक्त खंडा पत्थरों पर 200/- रूपये प्रति टन के हिसाब से समय-समय पर विभाग को रॉयल्टी दे रहे हैं।बिजौलियां क्षेत्र के शक्करगढ़ चौराहा, भोपतपुरा, कास्या, इन्द्रपुरा, मेनाल सहित रॉयल्टी नाकों पर इन दिनों काम कर रहे निजी कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर वाहन चालकों, व्यापारियों वआमजन में भारी नाराजगी हैं।स्टॉक से माल लेकर निकलने वाले वाहनों का वजन करवाने से पहलें ही उन्हे शक्करगढ़ चौराहे व अन्य नाकों पर रोक कर रॉयल्टी कटवाने के लिए कहा जाता है। जबकि व्यापारियों की ओर से बिना वजन करवाये व बिना बिल बनवाये रॉयल्टी कटवाना सम्भव नहीं है।

# भीषण गर्मी से बचाव के लिए चिकित्सा विभाग अलर्ट, लू-तापघात पर एडवाइजरी जारी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** प्रदेश में बढ़ती गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारियां करते हुए आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है, ताकि लू एवं तापघात जैसी गंभीर स्थितियों से बचा जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि तेज गर्मी के दौरान कोई भी व्यक्ति लू की चपेट में आ सकता है, लेकिन बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, दोपहर में कार्यरत श्रमिक, यात्री, खिलाड़ी तथा ठंडी जलवायु से आने वाले लोग अधिक जोखिम में रहते हैं। उन्होंने बताया कि सभी चिकित्सा संस्थानों में लू-तापघात से प्रभावित मरीजों के उपचार के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। अस्पतालों में अलग वार्ड में 2 से 4 बेड आरक्षित रखे गए हैं, वार्डों को कूलर व पंखों से ठंडा रखने, शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आपातकालीन किट में ओआरएस, ड्रिप सेट, जीएनएस, जीडी, रिंगर लैक्टेट (आर.एल.) फ्लूड सहित आवश्यक दवाएं उपलब्ध रखने तथा चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ को पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा ने बताया कि शरीर में पानी और लवण की कमी होने पर लू और तापघात के लक्षण उभरते हैं। इनमें सिरदर्द, अत्यधिक प्यास, थकान, चक्कर आना, जी मिचलाना, शरीर का तापमान बढ़ना, पसीना बंद होना, त्वचा का सूखना, चेहरा लाल होना, बेहोशी जैसी स्थिति शामिल हैं। समय पर उपचार नहीं मिलने पर स्थिति गंभीर होकर जानलेवा भी हो सकती है।

**बचाव ही सबसे बेहतर उपाय**

आमजन से अपील है कि दोपहर 10 बजे से शाम 6 बजे तक अनावश्यक रूप से धूप में निकलने से बचें। बाहर निकलना जरूरी हो तो हल्का भोजन करके पर्याप्त पानी पीकर ही निकलें। नियमित अंतराल पर पानी, छाछ, शीतल पेय और ताजे फलों के रस का सेवन करें। धूप में निकलते समय छाते का उपयोग करें या सिर एवं शरीर को कपड़े से ढककर रखें। श्रमिकों के कार्यस्थलों पर छाया और पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें।


# कार्यालय नगर पालिका मण्डल फुलेरा ( जिला) जयपुर

क्रमांक /न.पा.फु./2025-26 / 154 दिनांक 21/4/26

## आपत्ति सूचना

एतद्वारा हितबद्ध व्यक्ति विषेष आम खास को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में अधोलिखित व्यक्तियों द्वारा आवासीय पट्टा हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र.स. | प्रार्थी का नाम | स्थान | मुल पट्टा धारक | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति लाली देवी पनि रामचन्द्र जाट | प्लाट नं. 10-ए वाके लाल बहादुर शास्त्री कोलोनी फुलेरा | श्री अरविन्द्र कुमार पुत्र श्री गोविन्द स्वरूप सक्सैना | 200.00 | लिज फ्री होल्ड आवासीय पट्टा |
| 2 | श्रीमति लाली देवी पत्नि रामचन्द्र जाट | प्लाट नं. 11-ए वाके लाल बहादुर शास्त्री कोलोनी फुलेरा | श्री परमदेव पुत्र श्री गोविन्द स्वरूप सक्सैना | 200.00 | लिज फ्री होल्ड आवासीय पट्टा |

किसी भी व्यक्ति को निम्नाकिंत ईजाजत बाबत आपति हो तो आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्ता को प्रस्तुत करावे। बाद मयाद गुजरने आपति मान्य नही होगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका मण्डल, फुलेरा**

## तीन मांगों पर सहमति के बाद दूसरे दिन धरना समाप्त



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** तीन सूत्री मांगों को लेकर जलदाय विभाग कार्यालय के सामने चल रहा कामरेड जगदीश नाथ का धरना मंगलवार को दूसरे दिन सहमति बनने के बाद समाप्त हो गया। धरने के दौरान सहायक अभियंता सुनील कुमार मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा, जिस पर तीनों प्रमुख मांगों–पाइपलाइन लीकेज ठीक करवाने, खुदाई के बाद टूटी सड़कों की मरम्मत करवाने तथा पेयजल किल्लत की समस्या के समाधान–पर शीघ्र कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया गया। अधिकारियों की सहमति के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। कामरेड जगदीश नाथ ने बताया कि विभाग की ओर से मांगों पर कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हुआ तो पुनः आंदोलन किया जाएगा। धरने में गिरधारी खीचड़, संजय नाथ, अमित पाडिया, जितेंद्र भार्गव, राजकुमार जाखड़, कमल कुमार प्रजापत, कमल गुर्जर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में उठे सड़क, पानी-बिजली के मुद्दे; त्वरित समाधान के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने भाजपा कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे आमजन की विभिन्न समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान महर्षि ने कहा कि आमजन की मूलभूत समस्याओं का निस्तारण सहज और सुलभ तरीके से होना चाहिए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में नई सड़क निर्माण, सड़क मरम्मत, जर्जर विद्युत पोल बदलवाने, नए बिजली कनेक्शन, आपणी योजना के तहत जल कनेक्शन, जल आपूर्ति सुचारू करने, ट्यूबवेल की खराब मोटर बदलवाने सहित शिक्षा और चिकित्सा से जुड़े विभिन्न मामलों को उठाया गया। इन सभी मुद्दों पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे और अपनी समस्याएं रखीं।

## छात्रों को साइबर सुरक्षा व कानूनी जागरूकता का पाठ पढ़ाया



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वावधान में संचालित 'साइबर सुरक्षा जागरूकता, संरक्षण और न्याय तक समावेशी पहुँच' विषय पर 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे' कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कस्बे के दो निजी शिक्षण संस्थानों में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के बीच साइबर व विधिक जागरूकता पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में अपर जिला व सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए साइबर अपराधों व ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और यदि वे कानून के प्रति जागरूक रहेंगे तथा डिजिटल दुनिया में सतर्कता बरतेंगे, तभी सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देने की अपील की। सिविल न्यायाधीश अजयदीप सिंह ने सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग व बैंकिंग से जुड़े साइबर अपराधों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में बताते हुए कहा कि इस पर शिकायत करने पर बच्चों की पहचान गोपनीय रखी जाती है और त्वरित कार्रवाई की जाती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से दूर रहने व जागरूकता फैलाने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर पुलिस उपनिरीक्षक सुरेश कुमार यादव, सचिव जयंत यादव, कांस्टेबल राजू नायक, अजीत सिंह, ओमप्रकाश, सुखविंद सिंह, प्रदीप भाटी सहित विद्यालय स्टाफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सोमवार को करीब मध्य रात्रि चांद बास रेलवे फाटक के पास रतनगढ़ साइड से लाडनू साइड जा रही मालगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। सूचना पर सुजानगढ़ आरपीएफ, कोतवाली थाने के एएसआई पप्पूराम मीणा, टीम हारे का सहारा सयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक भरत मौके पर पहुंचे और खड़ी मालगाड़ी के नीचे से रेलवे ट्रेक पर क्षत विक्षत शव को बाहर निकालकर बगड़िया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक का पहचान दारा सिंह भाटी (53), निवासी भारत माता चौक सुजानगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# फ्लैगशिप योजनाओं में तेजी लाने को कलक्टर सख्त, 15 दिन में सुधार के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में जिला कलक्टर संदेश नायक ने फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजनाओं की प्रगति में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगामी 15 दिवस में रैंकिंग में ठोस सुधार नजर आना चाहिए।

बैठक में कलक्टर नायक ने विभागवार प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएफएसए योजना के तहत नए परिवारों को जोड़ने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए जिला रसद अधिकारी (शहरी व ग्रामीण) को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से उपखंड अधिकारियों और नगर निगम के उपायुक्तों के साथ समन्वय बनाकर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने सूचना व प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिए कि ऐसे ई-मित्र केंद्रों की जांच की जाए, जहां बड़ी संख्या में आवेदन दस्तावेजों की कमी के कारण लंबित हैं, ताकि आमजन को समय पर लाभ मिल सके। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बैठक में ऊर्जा विभाग की कुसुम योजना व संशोधित वितरण क्षेत्र योजनाओं की प्रगति में सुधार तथा विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया। वहीं महिला अधिकारिता विभाग की लाडो प्रोत्साहन योजना में भी रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए गए। कलक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में जिले की स्थिति सुधारने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्वायत्त शासन विभाग के क्षेत्रीय उपनिदेशक को संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही 'मिशन हरियालो राजस्थान' में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। कलक्टर नायक ने कम रैंकिंग वाले विभागों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि 15 दिन में अपेक्षित परिणाम नहीं आने पर जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, उप वनसंरक्षक वी. केतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार मूंड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सगत सिंह मूर्ति अनावरण में कई दिग्गज हस्तियां करेंगी शिरकत

## शौर्य दिवस और संकल्प दिवस पर चूरू में कार्यक्रम आज



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह की मूर्ति अनावरण समारोह 'शौर्य दिवस' और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड के जन्मदिवस को 'संकल्प दिवस'के रूप में 22 अप्रैल को चूरू में मनाया जाएगा। 22 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुजानगढ़ मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कहा कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ दशकों से जनता की सेवा कर रहे हैं। हमारे लिए गौरव का विषय है कि 22 अप्रैल को राठौड़ साहब के जन्मदिन की सभा और देश के गौरव जनरल सगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण होना है। जिसमें आप सभी को अधिकाधिक संख्या में चूरू चलना है। कार्यक्रम की भव्यता को ध्यान में रखते हुए सुजानगढ़ भाजपा संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की ओर से सुजानगढ़ के विभिन्न स्थानों से आमजन के लिए विशेष बसों की व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल हो सकें। मीटिंग में एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप, जिला मंत्री पवन माहेश्वरी, विधानसभा विस्तारक महावीर सेन, मंडल महामंत्री प्रकाश भार्गव, उपनेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजारनिया, विजय चौहान, मंत्री देवेन्द्र भाटी, मुरारी खंडेलवाल, उपाध्यक्ष अमरचंद सेन, कोषाध्यक्ष प्रकाशचंद सोनी, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, कृष्ण कुमावत, वीरेंद्र गहलोत, दीपक बागड़ा, दिनेश, गोपाल, राहुल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह मूर्ति अनावरण समारोह में आएंगे मुख्यमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला स्टेडियम में लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ की मूर्ति अनावरण समारोह व कृषि उपज मंडी में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिन पर होने वाली संकल्प सभा को लेकर विधायक हरलाल सहारण, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला महामंत्री चन्द्राराम गुरी व अभिषेक चोटिया ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि चूरू के लाल लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ की मूर्ति का अनावरण 22 अप्रैल को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला व सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर करेंगे। विधायक सहारण ने बताया कि पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के जन्म दिवस पर संकल्प सभा के रूप में विशाल जनसभा का आयोजन किया जायेगा। जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ के नाम पर पिछले दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिला खेल स्टेडियम का नाम रखा था, अब बुधवार को इनकी मूर्ति का अनावरण किया जाएगा। विधायक हरलाल सहारण ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस दौरान विधायक सहारण ने सभा स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नेताप्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जल संरक्षण को लेकर निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के निर्देशानुसार मंगलवार को आदर्श विद्यालय बीकानेर रोड में जल संरक्षण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान आदित्य, द्वितीय स्थान दिव्यांश और तृतीय स्थान आयुषी ने प्राप्त किया। सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के बाबू लाल ने बताया की निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा बताया कि जल है तो कल है इसके बाद भी जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आये हैं जल ही जीवन है, जल सरंक्षण हमारा दायित्व ही नहीं कर्तव्य भी है, पानी को किसी भी तरह बर्बाद नहीं करें, आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करें, पानी की एक एक बून्द बचाएं तथा जीवन के सभी कार्यो का निष्पादन करने के लिए जल की आवश्यकता होती है। फर्श को पाइप से धोने की बजाय पोछे से साफ करें, सेविंग करते वक्त नल को खुला ना छोड़े, मग में पानी लेकर सेव करे, लीकेज व टपकते नलों को तुरंत ठीक करावे। इस प्रकार की छोटी छोटी आदतों से बहुत सारा पीने वाला पानी बचाया जा सकता है जो आज की बचत और कल का भविष्य है। इसमें बच्चे अपना अहम रोल निभा सकते है। इसलिए अब समय आ गया है हम सब को आगे आकर पानी को बचाने के उपाय करने होंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य पीके पांडिया ने कहा कि ऐसी गतिविधियां होनी चाहिए ताकि लोग व बच्चे जागरूक हो सके। कार्यक्रम में विद्यालय शिक्षक व पवन सिंह ने सहयोग प्रदान किया।

## साईबर क्राइम को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में शहर की अलग-अलग स्कूलों में आयोजित हुए कार्यक्रमों में एडीजे सुरेंद्र कौशिक व एसीजेएम अरुण जांगिड़ ने विद्यार्थियों को साईबर क्राइम से बचाव को लेकर जागरूक किया। योगी श्रीमकड़ीनाथ उच्च माध्यमिक स्कूल में मंगलवार को हुए कार्यक्रम में एडीजे सुरेंद्र कौशिक, सीबीईओ संदीप व्यास, अपरलोक अभियोजक एडवोकेट जयाकांत बिंवाल, एडवोकेट मनीष शर्मा उपस्थित रहे। एडीजे ने छात्राओं को साईबर अपराधों जैसे ऑनलाईन ठगी, फिसिंग, ओटीपी फ्रॉड व सोशल मीडिया के दुरूपयोग के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। इसलिए किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और निजी जानकारी, पासवर्ड एवं ओटीपी किसी के साथ साझा करने से बचे। छात्राओं को सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने, फर्जी आईडी से सावधान रहने एवं संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत शिकायत करने के लिए प्रेरित किया तथा साईबर अपराध की स्थिति में हेल्प लाईन नंबर व साईबर क्राइम पॉर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करवाने की प्रक्रिया समझाई गई। इस अवसर पर संस्था के निदेशक हनुमानप्रसाद न्योल सहित स्कूल परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। वहीं टीपीएस स्कूल में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसीजेएम अरुण जांगिड़, समिति के सदस्य संतोषकुमार इंदौरिया, एडवोकेट लक्ष्मण प्रजापत उपस्थित रहे। इस मौके पर एसीजेएम ने विद्यार्थियों को साईबर क्राइम से बचने की विस्तृत जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य महेंद्रसिंह राठौड़ व निदेशक ओमप्रकाश नैण सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कृष्णा लढ़ा ने किया।

## आयुक्त को भौतिक सत्यापन में मिले पूरे 25 ट्रैक्टर्स



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गत दिवस को तहसीलदार व कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक की ओर से सफाई व्यवस्था का निरीक्षण के बाद मंगलवार को टेक्टर्स की संख्या का भौतिक सत्यापन किया गया। सोमवार को किए गए निरीक्षण के दौरान ठेकेदार कालूराम ने 10 टेक्टर्स की सूची पेश की थी, जो कि कचरा उठाने के लिए लगाए गए हैं। दूसरी ओर सफाई निरीक्षक मुन्नालाल मीणा ने बताया कि घर-घर कचरा संग्रहण के लिए लगाए गए 15 टेक्टर्स की सूची कालूराम आयुक्त महोदय को दे नहीं पाया था, जिसके चलते यह गलतफहमी पैदा हो गई थी कि कहीं 25 की जगह 10 टेक्टर्स ही तो नहीं चल रहे। इसलिए ग्रीन स्पेस पार्क के सामने सुबह सभी कचरा उठाने व संग्रहित करने के लिए लगाए गए 25 टेक्टर्स को लाईन लगाकर खड़ा किया गया और उसके बाद आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने निरीक्षण किया, जिस पर संख्या सही पाई गई। वहीं ठेकेदार कालूराम ने बताया कि होच-पोच हो जाने के कारण मैं दूसरी लिस्ट नहीं दे पाया। वहीं निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने कहा कि सभी ट्रेक्टर्स ढ़के हुए पाये गये हैं तथा आज भी मैंने निरीक्षण किया है, जिस पर 7 सफाईकर्मी अनुपस्थित मिले हैं, जिनके नोटिस जारी किए जा रहे हैं। एक दिन पहले आई खबरों से जनता में संदेश चला गया कि मात्र 10 ही टेक्टर्स लगे हैं, जबकि वह एक ही सूची पेश कर पाने के कारण आधी जानकारी सामने आ पाई थी। निरीक्षक के दौरान सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश स्वामी आदि मौजूद रहे।

## पंच-गौरव से जुड़ेगा जन-जन, कलक्टर संदेश नायक ने दिए व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जयपुर जिले में चिन्हित पंच-गौरव के संरक्षण, संवर्धन व समग्र विकास को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर संदेश नायक ने कहा कि पंच-गौरव केवल धरोहर संरक्षण तक सीमित योजना नहीं है, बल्कि यह स्थानीय पहचान, सांस्कृतिक गौरव और नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने इसके सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशासन, शिक्षण संस्थानों और समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। कलक्टर ने निर्देश दिए कि पंच-गौरव की महत्ता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी राजकीय कार्यालयों, सरकारी व निजी विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि युवाओं और आमजन में सांस्कृतिक व ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति जागरूकता विकसित हो। बैठक में 'एक जिला एक खेल' के तहत कबड्डी को बढ़ावा देने पर विशेष जोर देते हुए कलक्टर ने जिला खेल अधिकारी को गांव-गांव में खिलाड़ी और कोच तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही ब्लॉक स्तर पर इंडोर स्टेडियम विकसित करने की बात कही। विश्व पर्यटन में प्रमुख स्थान रखने वाले आमेर किले के विकास को लेकर उन्होंने पर्यटन विभाग को साफ-सफाई, शौचालय निर्माण, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, साइनेज तथा मार्गों से झाड़ियों को हटाने के निर्देश दिए, ताकि पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

उन्होंने 'एक जिला एक उपज' के तहत आंवला के आयुर्वेदिक गुणों के प्रचार-प्रसार तथा 'एक जिला एक वनस्पति' लिसोड़ा के पौधों के वितरण व उपयोगिता के बारे में आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। वहीं 'एक जिला एक उत्पाद' जैम्स एंड ज्वैलरी के विकास के लिए वर्कशॉप, सेमिनार और राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करने पर भी जोर दिया।

मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि विभिन्न कार्यक्रमों, मेलों और सार्वजनिक आयोजनों में पंच-गौरव से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से आमजन को इन स्थलों की जानकारी और संरक्षण की आवश्यकता से अवगत कराया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम विनीता सिंह, उप वनसंरक्षक वी. केतन कुमार, सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक बाबूलाल मीणा, उद्यानिकी विभाग के उपनिदेशक हरलाल बिजारनियां, जिला खेल अधिकारी मान सिंह, पर्यटन अधिकारी बाबूलाल मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।